तापमान

अधिकतम 44.0 डिग्री

न्यूनतम 26.0 डिग्री

# हरिभूमि कोरबा भूमि

बिलासपुर, मंगलवार 12 मई 2026

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा



6 समन्वय स्थापित करने हेतु ग्राम रक्षा समितियों का गठन





## 10वीं-12वीं पास विद्यार्थी ध्यान दें- औद्योगिक सुरक्षा एवं अग्निशमन प्रशिक्षण द्वारा नौकरी सुनिश्चित करें...

भिलाई। संस्था फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान है, भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण हेतु भर्ती योग्यता 10वीं 12वीं एवं स्नातक एवं स्नाकोत्तर किसी भी संकाय आयु 17 से 40 वर्ष फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा डिग्री डिप्लोमा कार्यरत कर्मचारी पार्ट टाइम फुल टाइम प्रशिक्षण कर सकते है, मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार विकास हेतु पंजीकृत FSDMI BHILAI मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंधन पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्ध कराना है, फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कार्गो हब फैक्ट्री कारखाने सरकारी एजेंसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों हेतु अवसर मिलते हैं तथा भविष्य में पदोन्नति की भरपुर संभावनाएं होती है साथ ही फायर एवं सेफ्टी ऑफिसर स्वयं रोजगार के लिए समर्थ होते हैं अनुमानित जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 फायरमैन एवं अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने की संभावना है, संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र-छात्राएं




विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार (DRDO), भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय ब्रेथवेट कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, एवं अन्य कंपनियों में ठेकेदारी बेस से कार्यरत कर रहे है संस्था FSDMI भिलाई में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण की जानकारी सूचना केंद्र में बताई जाएगी, संस्था द्वारा उपलब्ध सुविधाएं प्रशिक्षण के दौरान आत्मनिर्भरता के लिए सुविधा अनुसार पार्ट-टाइम, फुल-टाइम नौकरी दिलवाने में सहायता की जाती है जिससे छात्र-छात्राएं अपनी प्रशिक्षण की शुल्क एवं रहने और खाने क्या खर्च स्वयं से निकाल सकते हैं, प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों एवं सफल अभ्याथियों को सरकारी प्रमाण पत्र प्रदान किया जावेगा। प्रशिक्षण उपरांत छात्रों को निजी कंपनियों में नौकरी लगने में सहायता की जाती है, सभी जाति वर्ग के (SC, ST, OBC, GENERAL) संस्था के द्वारा प्रशिक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी। **अधिक जानकारी के लिए-**

**पता: फायर सेफ्टी एवं डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट, (निजी संस्थान) इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, नजदीक गदा चौक, सुपेला भिलाई, दुर्ग (छ.ग.)**

**संपर्क करें: मो. 7697212782**

Advt.


## खबर संक्षेप

### छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस में एक अतिरिक्त एसी-3 कोच की सुविधा

**कोरबा।** रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों की बेहतर यात्रा सुविधा व अधिकाधिक यात्रियों को कंफर्म बर्थ उपलब्ध कराने हेतु दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से चलने वाली गाड़ी संख्या 18237/18238 कोरबा-अमृतसर-बिलासपुर छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस में एक अतिरिक्त एसी-3 कोच की सुविधा अस्थायी रूप से उपलब्ध कराई जा रही है। यह सुविधा गाड़ी संख्या 18237 कोरबा-अमृतसर छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस में 11 मई से 19 मई तक तथा गाड़ी संख्या 18238 अमृतसर-बिलासपुर छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस में 13 मई से 21 मई तक उपलब्ध रहेगी। इस सुविधा की उपलब्धता से इस गाड़ी में यात्रा करने वाले अधिकाधिक यात्री लाभान्वित होंगे।

### आर्यन को मिली एमबीबीएस की उपाधि



**कोरबा।** छत्तीसगढ़ टैक्स बार काउंसिल की उपाध्यक्ष एवं टैक्स बार एसोसिएशन की सचिव सीएमए माला सिंह के सुपुत्र डॉ आर्यन राज ने अपनी एमबीबीएस की पढ़ाई पूर्ण की। इसके बाद समारोह में डॉ आर्यन राज को एमबीबीएस की डिग्री से सम्मानित किया गया। डॉ आर्यन राज ने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय अपनी मां श्रीमती माला सिंह सहित अपने अध्यापकों एवं अपने उन सभी शुभचिंतकों को दिया है। डॉ आर्यन राज को एमबीबीएस अवार्ड से सम्मानित किए जाने पर जिला राजपूत क्षत्रिय समाज में हर्ष व्याप्त है।

### चोढ़ा, चुईया में आज, गिधौरी में कल लगेगा शिविर

**कोरबा।** सुशासन तिहार अंतर्गत राज्य शासन के निर्देषानुसार कलेक्टर कुणाल दुदावत के मार्गदर्शन में आम जनता के समस्याओं के निराकरण करने, उन्हें शासकीय योजनाओं की जानकारी देने तथा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित किये जाने के उद्देष्य से जिले के विभिन्न कलस्टर ग्रामों में जन समस्या निवारण षिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में 12 मई को प्रातः 10 बजे से विकासखंड पाली के ग्राम चोढ़ा और कोरबा के ग्राम चुईया में जनसमस्या निवारण षिविर आयोजित की जायेगी।

### जिला पंचायत का मामला, सुशासन तिहार के बाद हटाने का मिला आश्वासन

# सीईओ के खिलाफ भड़के सदस्य, अध्यक्ष ने कहा- हावी है अफसरशाही, उद्योग मंत्री से मिलकर की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

**खास बात**

- अड़ियल रवैये को लेकर लंबे समय से चल रहा था वाद विवाद

जिला पंचायत सीईओ के खिलाफ सोमवार को उस समय माहौल गरमा गया, जब सभी सदस्य एक मत होकर जिला पंचायत परिसर में ही नारेबाजी करने लगे। सदस्य जिला पंचायत सीईओ होश में आओ के नारे लगा रहे थे। इस दौरान डीएमएफ की बैठक में शामिल होने आए उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन मिले और सुशासन तिहार के बाद सीईओ को हटाये जाने का आश्वासन दिया। इसके बाद सदस्य शांत हुए।

पिछले कुछ महीनों से जिला पंचायत सीईओ दिनेश नाग और जिला पंचायत के निर्वाचित सदस्यों के बीच सामंजस्य नहीं बैठ रहा था। सदस्यों का कहना था कि सीईओ श्री नाग का रवैया हमेशा अड़ियल रहता है। उनसे मुलाकात केवल सामान्य सभा की बैठक में ही होती है। अगर अलग से किसी मुद्दे पर उनसे बातचीत करना चाहो तो न सभा कक्ष में आते हैं ⏭ शेष पेज 3 पर



जिला पंचायत में धरना देते अध्यक्ष और सदस्य।

### सीईओ का अध्यक्ष से नहीं मिलना गंभीर मामला : लखनलाल

डीएमएफ की बैठक के बाद जिला पंचायत सदस्यों से मिलने पहुंचे उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने कहा कि जिला पंचायत सीईओ जिला पंचायत का सचिव होता है और वह अध्यक्ष से मुलाकात करने उनके चेंबर में नहीं जाता यह एक गंभीर मामला है। अध्यक्ष जिला पंचायत का सर्वेसर्वा होता है। कलेक्टर और सीईओ से इस मामले में बात करूंगा। अगर बात नहीं बनी तो शासन से बात कर सीईओ जिला पंचायत को हटाने की कार्रवाई की जाएगी।

### पूर्व में भी हो चुकी है शिकायत

जिला पंचायत सीईओ दिनेश नाग के अड़ियल रवैये को लेकर जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ.पवन सिंह के नेतृत्व में सदस्यों ने पूर्व में भी तत्कालीन कलेक्टर अजीत बसंत को शिकायत की थी। सदस्यों ने कलेक्टर को बताया था कि सीईओ श्री नाग का रवैया सकारात्मक नहीं रहता। उक्त घटना को लगभग 4 माह बीत चुके हैं और आज सोमवार को फिर वही स्थिति निर्मित हो गई। जब सदस्यों और सीईओ के बीच टकराव खुलकर सामने आ गया।

### डीएमएफ की बैठक में भी नहीं गए जिपं अध्यक्ष

कलेक्ट्रेट में सोमवार को डीएमएफ की शासी परिषद की बैठक आहूत की गई थी। जिसमें सांसद डॉ.ज्योत्सना महंत, उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन सहित रामपुर, कटघोरा, पाली तानाखार के विधायक सदस्य होने के नाते शामिल हुए। जिला पंचायत अध्यक्ष पवन सिंह भी डीएमएफ के शासी परिषद के सदस्य हैं। लेकिन वह सीईओ के अड़ियल रवैये को लेकर डीएमएफ की बैठक में भी शामिल नहीं हुए।

### ठेकेदारों के काम होते हैं

जिला पंचायत सदस्य अपने अपने क्षेत्र के कार्यों के प्रस्ताव लेकर आते हैं। उनके प्रस्ताव को स्वीकृति नहीं मिलती और ठेकेदार कार्यों के प्रस्ताव को स्वीकृति कराकर सदस्यों को क्षेत्र में ले जाते हैं। जबकि सदस्य जो काम चाहते हैं वह नहीं होता। जिला पंचायत में अफसरशाही हावी है।

**-पवन सिंह**, अध्यक्ष, जिला पंचायत

### वन कर्मचारी संघ करेगा चरणबद्ध आंदोलन, 13 मई से होगा शंखनाद

**कोरबा।** वन कर्मचारियों की मांग पर वरिष्ठ अफसरों द्वारा कोई ठोस पहल नहीं की जा रही है। जिसे लेकर वन कर्मचारियों ने चरणबद्ध आंदोलन करने का फैसला लिया है। वन कर्मचारी संघ के संभागीय अध्यक्ष प्रितम कुमार पुराईन ने जानकारी देते हुए बताया कि बिलासपुर वृत्त के वन कर्मचारियों की समस्याओं से अवगत कराया गया था तथा नियम विरूद्ध स्थानांतरण एवं अन्य समस्याओं के निराकरण हेतु अनुरोध किया गया था। समस्याओं के निराकरण में आपके कार्यालय द्वारा कोई रूचि नहीं लिया गया है तथा आज तक कार्यवाही लंबित रखी गयी है। इसे लेकर छग वन कर्मचारी संघ संभाग बिलासपुर द्वारा चरणबद्ध आंदोलन करने का निर्णय लिया गया है। जिसमें 13 मई से ड्यूटी के दौरान वन कर्मी काली पट्टी लगाकर विरोध प्रदर्शन करेंगे। जिसके उपरांत 18 मई को भोजन अवकाश में मुख्य वन संरक्षक कार्यालय वृत्त बिलासपुर के समक्ष सांकेतिक धरना प्रदर्शन किया जाएगा। 25 मई को एकदिवसीय अवकाश पर रहकर संपूर्ण कार्य बंद किया जाएगा। चतुर्थ चरण में निर्धारित तिथि में अनिश्चितकालीन हड़ताल करने का एलान कर दिया गया है।

# हाइवे पर अव्यवस्थित रूप से खड़े 7 ट्रेलरों पर गिरी गाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

**खास बात**

- पाली पुलिस ने की कार्रवाई

सजग कोरबा, सतर्क कोरबा अभियान के तहत सड़क दुर्घटनाओं पर रोकथाम एवं बेसिक पुलिसिंग को प्रभावी बनाने के उद्देश्य से थाना पाली पुलिस द्वारा विशेष अभियान चलाया गया।



जब्त ट्रेलर वाहन।

अभियान के दौरान यह जानकारी प्राप्त हुई कि सरायपाली बुडबुड खदान क्षेत्र में कोयला लोडिंग हेतु आने वाले ट्रेलर वाहन एनएच-130 एवं मेन रोड हाईवे पर अव्यवस्थित रूप से खड़े होकर मार्ग अवरुद्ध कर रहे हैं, जिससे आम नागरिकों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है तथा सड़क दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। उक्त शिकायत को गंभीरता से लेते हुए बीते रविवार को थाना प्रभारी निरीक्षक नागेश तिवारी के नेतृत्व में थाना स्टाफ द्वारा मेन रोड हाईवे पर सघन कार्यवाही की गई। इस दौरान सड़क पर बेतरतीब ढंग से खड़े 7 ट्रेलर वाहनों के चालकों के विरुद्ध धारा 285 बीएनएस के तहत वैधानिक कार्यवाही की गई। पुलिस द्वारा वाहन मालिकों एवं चालकों को सख्त समझाइश दी गई कि वे हाईवे एवं सार्वजनिक मार्गों पर वाहन खड़ा कर यातायात बाधित न करें तथा निर्धारित पार्किंग स्थल का ही उपयोग करें। साथ ही सरायपाली बुडबुड खदान प्रबंधन एवं संबंधित मैनेजर को भी पार्किंग व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।








हरिभूमि बिलासपुर संस्करण की 25 वीं वर्षगांठ की हार्दिक शुभकामनाएँ...
TRILOKI PUBLIC SCHOOL
Katghora Korba (C.G.)
CBSE Affiliation No. 3330491
ADMISSION OPEN 2026-27
Play Group - 9th & 11th
(Science, Maths, Commerce)
Call for Admissions! +91 7224903339


हरिभूमि बिलासपुर संस्करण
की 25 वीं वर्षगांठ की हार्दिक शुभकामनाएँ...
अभिमन्यु टेकाम
खण्ड शिक्षा अधिकारी
कटघोरा, जिला-कोरबा (छ.ग.)


हरिभूमि स्थापना दिवस की शुभकामनाएं...
सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कटघोरा
श्रीमती रश्मि कंवर
खण्ड चिकित्सा अधिकारी
समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी
सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कटघोरा
जिला-कोरबा (छ.ग.)


हरिभूमि बिलासपुर संस्करण
की 25 वीं वर्षगांठ की हार्दिक शुभकामनाएँ...
एक शुभचिंतक
AD


हरिभूमि
बिलासपुर संस्करण
की 25 वीं वर्षगांठ की
हार्दिक शुभकामनाएँ...
श्रीमती पद्मिनी देवांगन
अध्यक्ष-नगर पंचायत छुरी
नरेश देवांगन
वरिष्ठ भाजपा नेता
लायन प्रीतम देवांगन
विधायक प्रतिनिधि
कटघोरा विधानसभा क्षेत्र
डेक्रान्त देवांगन
मंत्री
भाजपा मंडल कटघोरा
फर्म-में. सहेलुराम कोसा दुकान, छुरी


हरिभूमि
बिलासपुर संस्करण की
25वीं वर्षगांठ पर
हार्दिक शुभकामनाएं
Silver Jubilee Year


हरिभूमि
बिलासपुर संस्करण की
25वीं वर्षगांठ पर
हार्दिक शुभकामनाएं
सम्मेलाल श्रीवास
प्रांतीय उपाध्यक्ष
संजय कुमार लासर
प्रांतीय कार्यकारणी सदस्य
लक्ष्मी प्रसाद यादव
अध्यक्ष-वितरण शाखा कोरबा
घनश्याम गबेल
सचिव-वितरण शाखा कोरबा
प्रकाश सिंह राठौर
कोषाध्यक्ष-वितरण शाखा कोरबा
छत्तीसगढ़ विद्युत कर्मचारी जनता यूनियन


हरिभूमि
बिलासपुर संस्करण की
25वीं वर्षगांठ पर
हार्दिक शुभकामनाएं
नूतन सिंह ठाकुर
सभापति
नगर पालिक निगम,कोरबा


हरिभूमि
बिलासपुर संस्करण की
25वीं वर्षगांठ पर
हार्दिक शुभकामनाएं
आकाश साहू
पार्षद, वार्ड क्रमांक 14
नगर पालिका परिषद दीपका
Silver Jubilee Year


हरिभूमि
बिलासपुर संस्करण की
25वीं वर्षगांठ पर
हार्दिक शुभकामनाएं
Silver Jubilee Year
PMJF LIONS
Dr. Raj kumar Agrawal

## खबर संक्षेप

### प्लेसमेंट कैंप के माध्यम से युवाओं को मिलेगा रोजगार का अवसर

**कोरबा।** जिले के बेरोजगार युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से एस.आई.एस. इंडिया कंपनी लिमिटेड रायगढ़ द्वारा कोरबा जिले के विभिन्न जनपद पंचायतों में प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जा रहा है। जनपद पंचायत कटघोरा में 12 मई, पाली में 13 मई, पोड़ीउपरोड़ा में 14 मई तथा जनपद पंचायत कोरबा में 15 मई को प्लेसमेंट कैंप आयोजित होगा। इसी प्रकार जुलाई माह में पुनः संबंधित जनपद पंचायतों में 20 जुलाई से 24 जुलाई 2026 तक कैंप आयोजित किए जाएंगे। कैंप का आयोजन प्रतिदिन प्रातः 10.30 बजे से अपराह्न 3 बजे तक किया जाएगा।

### दिव्यांगजनों को निःशुल्क कृत्रिम अंग उपलब्ध कराने सर्वे शुरू

**कोरबा।** कलेक्टर कुणाल दुदावत के निर्देश पर जिले के दिव्यांगजनों को निःशुल्क कृत्रिम हाथ एवं पैर सहित विभिन्न सहायक उपकरण उपलब्ध कराने हेतु सर्वेक्षण कार्य प्रारंभ किया गया है। यह कार्य महावीर जैन सेवा संस्थान, जयपुर के सहयोग से किया जाएगा। सर्वे के माध्यम से पात्र दिव्यांगजनों को मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल, व्हीलचेयर, ट्राइसाइकिल, बैसाखी, वॉकर एवं चश्मा सहित अन्य आवश्यक सहायक उपकरण उपलब्ध कराए जाएंगे। कलेक्टर दुदावत ने नगर निगम, जनपद पंचायतों एवं नगरीय निकायों को पात्र हितग्राहियों की पहचान कर त्वरित सर्वे कराने के निर्देश दिए हैं। तैयार सूची को सुशासन तिहार 2026 के दौरान आयोजित शिविरों में समाज कल्याण विभाग के स्टॉल पर जमा किया जाएगा। सर्वे सूची में हितग्राही का नाम, पता, दिव्यांगता का प्रकार, प्रतिशत एवं मोबाइल नंबर सहित आवश्यक जानकारी शामिल की जाएगी। जिला कलेक्टर ने इस कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता से पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं, ताकि कोई भी पात्र दिव्यांगजन योजना के लाभ से वंचित न रहे।

### डीएमएफ में नई टोल-फ्री हेल्पलाइन सेवा शुरू

**कोरबा।** कलेक्टर कुणाल दुदावत की पहल पर कार्यालय जिला खनिज संस्थान न्यास ने आम नागरिकों तक अपनी सेवाओं को और अधिक सुगम, पारदर्शी और त्वरित बनाने के उद्देश्य से एक समर्पित टोल-फ्री हेल्पलाइन नंबर 1800-233-1750 की शुरुआत की है। यह कदम प्रशासन और नागरिकों के बीच संवाद को मजबूत करने के साथ-साथ डिजिटल इंडिया के प्रयासों को गति देने वाला महत्वपूर्ण निर्णय है। नई हेल्पलाइन सेवा का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है।

### दो साल से अधूरी टंकी ग्रामीण झेल रहे परेशानी

**कोरबा।** पाली ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पंचायत सगुना के आश्रित ग्राम ठाड़पखना में सवालों के घेरे में है। यहां दो साल पहले शुरू हुआ पानी टंकी निर्माण आज तक पूरा नहीं हो सका है, जिससे ग्रामीणों को भीषण गर्मी में पानी के लिए जूझना पड़ रहा है। क्रेडा विभाग द्वारा शुरू किए गए इस निर्माण कार्य में अब तक केवल लोहे का ढांचा खड़ा किया गया है। न टंकी स्थापित की गई और न ही बोरवेल की व्यवस्था की गई। ग्रामीणों का आरोप है कि यह अधूरी संरचना निजी भूमि पर बनाई गई है, जो आंधी-तूफान के दौरान गिरने का खतरा पैदा कर रही है। गांव में जलसंकट गहराता जा रहा है। अधिकांश कुएं सूख चुके हैं और एकमात्र बोरवेल भी अब जवाब देने लगा है। ऐसे में महिलाएं और बच्चे कई किलोमीटर दूर से पानी लाने को मजबूर हैं। आखिर दो साल बीतने के बाद भी यह योजना अधूरी क्यों है? क्या संबंधित विभाग और ठेकेदार पर कोई कार्रवाई होगी या ग्रामीण यूं ही पानी के लिए तरसते रहेंगे? ठाड़पखना में 'हर घर जल का सपना अब भी अधूरा है। सरकारी दावों और जमीनी हकीकत के बीच का यह अंतर ग्रामीणों की पीड़ा को और बढ़ा रहा है। अब देखना होगा कि प्रशासन इस ओर कब तक गंभीरता दिखाता है।

## पृष्ठ 1 का शेष

### सीईओ के खिलाफ...

और न ही जिला पंचायत अध्यक्ष के चेंबर में जाते हैं। अध्यक्ष को ही उनके चेंबर में जाकर अपनी बात रखनी पड़ती है। इसके साथ ही जिला पंचायत की सामान्य सभा में उठाए जाने वाले मुद्दों को लेकर भी मैदानी स्तर पर विभागीय अधिकारियों के द्वारा गंभीरता नहीं दिखाई जाती। कई ऐसे एजेंडे हैं जिन पर समीक्षा होती है। परन्तु उनको अमलीजामा पहनाने के मामले में सदस्यों की सुनवाई नहीं होती। ऐसे तमाम मुद्दों को लेकर चला आ रहा टकराव आज सांकेतिक प्रदर्शन और नारेबाजी में बदल गया। स्थिति को देखते हुए एसडीएम सरोज महिलांगे तत्काल मौके पर पहुंचे और सदस्यों से चर्चा की। इस बीच सदस्य जिला पंचायत अध्यक्ष पवन सिंह के नेतृत्व में नारेबाजी करते रहे। एसडीएम के समझाने के बाद अध्यक्ष और सदस्य चेंबर में वापस गए।

## डीएमएफ शासी परिषद की बैठक में वर्ष 2026-27 के प्रस्तावित कार्यों को मिली स्वीकृति

# जिले के विकास का महत्वपूर्ण आधार है डीएमएफ





डीएमएफ शासी परिषद की बैठक लेते उद्योग मंत्री, उपस्थित सांसद ज्योत्सना महंत, कलेक्टर व परिषद के सदस्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

छत्तीसगढ़ शासन के वाणिज्य, उद्योग, आबकारी, सार्वजनिक उपक्रम एवं श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन की मुख्य उपस्थिति में जिला खनिज संस्थान न्यास की शासी परिषद की बैठक में वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु प्रस्तावित कार्यों की कार्ययोजना का अनुमोदन किया गया। जिसमें स्कूल, भवन, स्वास्थ्य, आंगनबाड़ी, सड़क पुल पुलियों के लिए एक बड़ी राशि खर्च की जाएगी।

बैठक की अध्यक्षता कलेक्टर कुणाल दुदावत ने की। इस अवसर पर उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने कहा कि डीएमएफ से एक बड़ी राशि कोरबा जिले को मिलती है जो जिले की प्रगति का आधार बन चुका है। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों के सहयोग और जनता की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए जिले में विकास कार्य तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। डीएमएफ मद से स्कूल, आंगनबाड़ी भवन, स्वास्थ्य सेवाएं, पेयजल आपूर्ति, सड़क निर्माण तथा पुल-पुलियों के निर्माण जैसे महत्वपूर्ण कार्य किए जा रहे हैं। इसके साथ ही शिक्षकों की नियुक्ति भी की जा रही है। उन्होंने कहा कि स्वीकृत कार्यों का समय-सीमा में पूर्ण होना अत्यंत आवश्यक है, ताकि आमजन को शीघ्र लाभ मिल सके। मंत्री श्री देवांगन ने बताया कि प्रदेश के मुख्यमंत्री की मंशा है कि कोरबा जिले में डीएमएफ के तहत होने वाले सभी कार्य पारदर्शिता और गुणवत्ता के साथ समय सीमा में पूरे हों। निर्माण पोर्टल के माध्यम से आम नागरिक भी डीएमएफ के कार्यों की जानकारी प्राप्त कर सकेंगे। सांसद श्रीमती ज्योत्सना महंत ने कहा कि डीएमएफ मद के माध्यम से कोरबा जिले को विकास की नई पहचान प्राप्त होगी। जिले में जहां भी शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल तथा अन्य आवश्यक क्षेत्रों में राशि की जरूरत है, वहां इस फंड का प्रभावी उपयोग होना चाहिए। उन्होंने सभी कार्यों को समय-सीमा में गुणवत्ता के साथ पूरा करने पर विशेष जोर दिया। कलेक्टर कुणाल दुदावत ने बताया कि वर्ष 2026-27 की कार्ययोजना मुख्य सचिव की अध्यक्षता में निर्धारित किए गए केपीआई के अनुरूप तैयार की गई है। जिले में उच्च प्राथमिकता वाले कार्यों को विशेष महत्व दिया गया है और सभी कार्यों को गुणवत्तापूर्वक तथा समय-सीमा में पूर्ण करने के प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने जिले शिक्षा,स्वास्थ्य, पेयजल, पर्यावरण संरक्षण, उच्च शिक्षा के क्षेत्र में खनन प्रभावित विद्यार्थियों को दिए जाने वाले लाभ,खेल,अधोसंरचना, बेसलाइन सर्वे, पंचवर्षीय परिपेक्ष्य परियोजना,सड़क सुरक्षा आदि के संबंध में विस्तार से बताया। बैठक में रामपुर विधानसभा के विधायक फूलसिंह राठिया, कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल, पाली तानाखार विधायक तुलेश्वर सिंह मरकाम सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

### तीन चरणों में बेस लाइन सर्वे से तैयार हो रहा विकास का खाका

खनन प्रभावित क्षेत्रों के सर्वांगीण विकास के लिए तीन चरणों में एक व्यापक बेसलाइन सर्वे किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत 5 विकास खंडों के 782 गाँवों को कवर कर आगामी पाँच वर्षों की परिप्रेक्ष्य योजना तैयार की जाएगी। वर्ष 2026-27 के लिए 70 प्रतिशत राशि सीधे तौर पर उच्च प्राथमिकता वाले क्षेत्रों जैसे स्वास्थ्य, शिक्षा और पेयजल के लिए आवंटित की गई है। शिक्षा के क्षेत्र में 255 करोड़ रुपये के बजट से 16 पीएम श्री स्कूलों में वर्चुअल रियलिटी लैब और नीट-जेईई हेतु आवासीय कोचिंग की सुविधा प्रदान की जाएगी, स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार के लिए 67.18 करोड़ रुपये से मोबाइल मेडिकल यूनिट और एम्बुलेंस सेवाओं को सुदृढ़ किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, पेयजल संकट के समाधान हेतु 150 नए ट्यूबवेल और सौर ऊर्जा संचालित पंपों की स्थापना की जाएगी। पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए एंटी-स्मॉग गन और सघन वृक्षारोपण के माध्यम से ग्रीन बेल्ट विकसित करने पर भी विशेष जोर दिया गया है।

## ई-लाइब्रेरी भवन ही नहीं ज्ञान का बनेगा केंद्र : ज्योत्सना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

प्रेस क्लब तिलक भवन टीपी नगर में वरिष्ठ पत्रकार स्व रामकुमार टमकोरिया की स्मृति में पुस्तकालय के उन्नयन व ई लाइब्रेरी का सोमवार को सांसद श्रीमती ज्योत्सना चरणदास महंत, महापौर संजूदेवी राजपूत सहित अन्य विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति में लोकार्पण करने के साथ अन्य विकास कार्यों का भूमिपूजन भी किया गया।

तिलक भवन में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कोरबा सांसद ज्योत्सनाचरण दास महंत ने वरिष्ठ पत्रकार रामकुमार टमकोरिया की स्मृति में तैयार की गई पुस्तकालय का उन्नयन व ई लाइब्रेरी के उद्घाटन के मौके पर कहा। उन्होंने कहा कि स्व रामकुमार टमकोरिया कलम के सच्चे सिपाही थे जो समाज को हमेशा आईना दिखाते थे आज उनके विचारों को जीवंत रखने के लिए कोरबा प्रेस क्लब ने बेहतर काम किया है। लाइब्रेरी व पुस्तकालय भवन ही नहीं बल्कि ज्ञान का केंद्र बन चुका है। सांसद श्रीमती महंत ने कोरबा प्रेस क्लब को 7 लाख रुपए अन्य विकास कार्यों के लिए देने की घोषणा की है। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे हैं महापौर संजू देवी राजपूत ने कोरबा प्रेस क्लब द्वारा किए जा रहे हैं कार्यों की जमकर सराहना की और ई लाइब्रेरी को युवा बच्चों के लिए जरूरत बताया और निश्चित तौर पर लाइब्रेरी के चालू हो जाने से उनकी तैयारी बेहतर हो सकेगी। महापौर संजूदेवी राजपूत ने भी कोरबा प्रेस क्लब को 5 लाख रुपए देने की घोषणा की है। इसी तरह पार्षद पंकज देवांगन ने 1 लाख रुपए देने की घोषणा की है। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रुप में निगम सभापति नूतन सिंह ठाकुर, वार्ड पार्षद व एमआईसी सदस्य नरेंद्र देवांगन, पार्षद पकंज देवांगन, सूरज महंत, उषा तिवारी, कांग्रेस ग्रामीण अध्यक्ष मनोज चौहान सहित अन्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों का साल श्रीफल से सम्मान किया।



फीता काटकर ई लाईब्रेरी का शुभारंभ करते सांसद व महापौर।

## बालको ने मलेरिया जागरूकता अभियान चलाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा




वेदांता एल्यूमिनियम मेटल लिमिटेड की कंपनी बालको ने प्रोजेक्ट आरोग्य के अंतर्गत मलेरिया से बचाव के लिए जागरूकता अभियान चलाया। इस अभियान के माध्यम से आसपास के गांवों में रहने वाले लोगों, खासकर जरूरतमंद ग्रामीण परिवारों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने और मलेरिया की रोकथाम पर विशेष ध्यान केंद्रित किया गया है।

बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी राजेश कुमार सिंह ने कहा कि सशक्त और स्वस्थ समुदाय ही देश के विकास की नींव हैं। प्रोजेक्ट आरोग्य के माध्यम से हम स्थानीय क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत कर रहे हैं। हमारा ध्यान बीमारी की रोकथाम, समय पर उपचार और लोगों की भागीदारी पर है। बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं और जागरूकता के जरिए हम एक मजबूत और स्वस्थ समाज के निर्माण की दिशा में कार्य कर रहे हैं। विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर यह अभियान इस वर्ष की थीम मलेरिया का खात्मा संभव है। प्रोजेक्ट आरोग्य के अंतर्गत पिछले एक वर्ष में 1.4 लाख से अधिक लोगों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाई गई हैं। घर-घर जाकर जागरूकता अभियान, सामुदायिक बैठकों और स्वास्थ्य शिविरों के माध्यम से लोगों को मलेरिया के शुरुआती लक्षण जैसे बुखार, ठंड लगना और अत्यधिक पसीना आने के बारे में जानकारी दी जा रही है, ताकि समय पर जांच और उपचार सुनिश्चित हो सके। साथ ही मलेरिया से जुड़ी भ्रांतियों और गलत धारणाओं को भी दूर किया जा रहा है। वित्त वर्ष 2026 में 25 हजार से अधिक लोगों को इसका लाभ मिला है। मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, पोषण जागरूकता, नियमित स्वास्थ्य जांच और सामुदायिक स्वास्थ्य कार्यक्रमों के जरिए बालको ग्रामीण स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूत करने और समुदायों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए लगातार काम कर रहा है।

## पाली शिव मंदिर में श्रद्धा और धरोहर का समागम
## सोमनाथ स्वाभिमान पर्व का भव्य आयोजन



शिव मंदिर में पूजा अर्चना करते श्रद्धालु।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सोमनाथ स्वाभिमान पर्व 8 से 11 जनवरी सोमनाथ मंदिर पर 1026 में हुए पहले अभिलिखित आक्रमण के हजार वर्ष पर स्मरणोत्सव के रूप में मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में पाली नगर में स्थित पुरातात्विक महत्व के अति प्राचीन शिव मंदिर परिसर में सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के अंतर्गत विविध धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भव्य आयोजन किया गया।

नगर पंचायत पाली के अध्यक्ष अजय जायसवाल अपनी धर्मपत्नी के साथ, पार्षदगण तथा नगर के गणमान्य नागरिकों ने शिवलिंग का विधि-विधान से अभिषेक कर नगर की सुख-समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। रुद्राभिषेक के पश्चात मंदिर परिसर में लगाए गए एलईडी स्क्रीन के माध्यम से सोमनाथ मंदिर में आयोजित राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया, जिसे जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और नागरिकों ने बड़े उत्साह से देखा। प्रसारण के बाद आयोजित परिचर्चा में नगर पंचायत अध्यक्ष अजय जायसवाल एवं संजय जायसवाल ने अपने उद्बोधन के माध्यम से सोमनाथ की ऐतिहासिक महत्ता, सांस्कृतिक विरासत और राष्ट्रीय एकता पर प्रकाश डाला। सायंकालीन सत्र में स्थानीय भजन मंडली द्वारा शिव भजनों की प्रस्तुतियों ने पूरे मंदिर परिसर को भक्तिमय कर दिया। श्रद्धालुओं ने भजनों का आनंद लेते हुए आध्यात्मिक वातावरण का अनुभव किया। संपूर्ण कार्यक्रम का सफल संचालन विशाल मोटवानी द्वारा किया गया। अंत में मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पंचायत पाली ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुए सभी उपस्थित जनों, जनप्रतिनिधियों, भजन मंडली और आयोजन टीम के प्रति आभार व्यक्त किया। पाली शिव मंदिर में संपन्न यह आयोजन नगर की सांस्कृतिक और धार्मिक धरोहर को पुनः उजागर करने वाला साबित हुआ तथा सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के प्रति आमजन की आस्था को और अधिक प्रगाढ़ करने वाला रहा।

न्यायालय श्रीमान द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी कोरबा, जिला कोरबा (छ.ग.)

**आम ईश्तहार/नोटिस**

प्रोसेस क्रमांक 115/26 प्र.क्र. 06/2026
पेशी तारीख 18-05-2026
सुबोध साव आवेदक/वादी
बनाम
नन्दगोपाल वगैरह अनावेदक/प्रतिवादी

उपरोक्त आवेदक/वादी सुबोध साव ने अनावेदक/प्रतिवादी नन्दगोपाल वगैरह के विरुद्ध भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम 372 के तहत न्यायालय श्रीमान द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी कोरबा जिला कोरबा (छ०ग०) में आवेदन प्रस्तुत किया गया है और उक्त आवेदन पत्र की सुनवाई हेतु दिनांक-18-05-2026 तिथि नियत है।

अतः अनावेदक/प्रतिवादी आम जनता (मृतक राम शोभन साव एवं श्रीमती सुशीला देवी मृतक का निवास एवं मृत्यु स्थल गोपालपुर, थाना कोइलवर खानगांव भोजपुर बिहार, जिसका इससे कोई संबंध हो) को उक्त प्रकरण के संबंध में कोई आपत्ति हो तो सुनवाई दिनांक 18-05-2026 को दिन 11.00 बजे उपस्थित होकर अपना जवाबदावा इस न्यायालय में पेश करें, अन्यथा प्रकरण की सुनवाई आपे विरुद्ध एकपक्षीय कार्यवाही करते हुए की जाएगी।

नोटः- अगर उक्त पेशी दिनांक को न्यायालय का अवकाश हो जाता है तो प्रकरण की सुनवाई आगामी दिवस में की जावेगी।

आज दिनांक 22-04-2026 को न्यायालय के मोहर एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

**डॉली ध्रुव**
द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी
कोरबा, जिला कोरबा (छ.ग.)






## खबर संक्षेप

### सुशासन तिहार के तहत सबाग एवं गैना में शिविर आज

**बलरामपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देशन में जिले में सुशासन तिहार 2026 का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में 12 मई को जिले के विकासखंड कुसमी एवं वाड्रफनगर में जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित किया जाएगा।
विकासखंड कुसमी अंतर्गत ग्राम पंचायत भवन परिसर सबाग में आयोजित शिविर में ग्राम पंचायत पुंदाग, चुनचुना, सबाग, नवाडीहखुर्द, गदामी, कुदाग, जलजली, बादा, डूमरखोली, तथा विकासखण्ड वाड्रफनगर के हाई स्कूल गैना में आयोजित शिविर में ग्राम पंचायत रघुनाथनगर, बभनी, चरचरी, शंकरपुर, नवगई, सोनहत, रमेशपुर, केसारी, सरना, गैना, बेतो, कमलपुर, करमडीहा क, लंगडी, भरूहीबांस शामिल होंगे। शिविर में आमजन अपनी समस्याओं, मांगों एवं शिकायतों से संबंधित आवेदन प्रस्तुत कर सकेंगे, जिनके त्वरित एवं समयबद्ध निराकरण की कार्रवाई की जाएगी।

### कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में प्रवेश हेतु आवेदन 15 से

**वाड्रफनगर।** शासकीय कस्तूरबा गांधी आवसीय विद्यालय में प्रवेश की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। जानकारी देते हुए गया गया कि कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय वाड्रफनगर में कक्षा 6वीं में सत्र-2026-2027 में प्रवेश हेतु 15 से 31 मई तक फार्म वितरण किया जाएगा जबकि फार्म जमा करने की तिथि 1 से 10 जून तक तक निर्धारित की गई है। शाला प्रवेश हेतु प्राथमिकता शाला अप्रवेशी/शाला त्यागी बालिकाओं को दी जाएगी। इसके साथ ही ऐसी बालिकाएं जिनकी उम्र अन्य बलिकाओं से अधिक हो।
पालक/अभिभावक नही होने के कारण पढाई से वंचित, विशेष आवश्यकता वाली (निःशक्त) बालिकाएं, 5 किमी से अधिक की दूरी, कठिन भौगोलिक परिस्थिति एवं नक्सल की बालिकाएं, आर्थिक अथवा किसी अन्य कारणों से आगे की पढ़ाई से वंचित होने का सम्भावना वाली बच्चियों को प्राथमिता दी जाएगी।

### कार में तोड़ फोड़ कर ले उड़े 50 हजार से भरा पर्स

**अम्बिकापुर।** रामानुजनगर थाना अंतर्गत ग्राम भुनेश्वरपुर निवासी कान्ति पात्रे पति रामकुमार पात्रे (38 वर्ष) 10 मई की रात ग्राम भुनेश्वरपुर निवासी ओम प्रकाश प्रजापति के विवाह पार्टी में शामिल होने कार क्रमांक सीजी 29 एएच 4133 से परिवार के साथ शामिल होने आए थे। कार को गांव के ही अमर साय के घर के सामने नल के समीप खड़ा कर पार्टी में चले गए। कुछ समय बाद जब कान्ती बाहर निकली तो देखा दरोगा राम प्रजापति, कालिका प्रसाद कुशवाहा, भोलाराम कुशवाहा एवं पीन्टू कुशवाहा द्वारा राड से तोड फोड कर रहे थे। जिसे देख कर हल्ला किया तो दरोगा प्रजापति गाडी पिछे का डेक्स बोर्ड मे रखा मेरा पर्स लेकर भाग गया जिसमे 50 हजार रूपए नगद था। महिला के मुताबिक आरोपियों ने पुरानी रंजिश को लेकर कार में तोड़ फोड़ की और रूपए रखे पर्स को चोरी कर ले गए। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध अपराध दर्ज किया है।

### जांच में दोषी पाए जाने के बाद भी सचिव पर नहीं हुई कार्रवाई




**ओड़गी।** जिले के जनपद पंचायत ओड़गी के तहत आने वाली ग्राम पंचायत खैरा में भ्रष्टाचार की जड़ें गहरी हो चुकी हैं। हैरानी की बात यह है कि पंचायत सचिव सियाराम वैश्य पर आर्थिक अनियमितता के ठोस प्रमाण मिलने और जांच समिति की मुहर लगने के बावजूद कार्रवाई नहीं की गई और प्रशासन ने मौन है।
ग्रामीणों ने सचिव द्वारा गबन किए जाने की शिकायत की थी। शिकायत के बाद जांच के लिए जिला पंचायत द्वारा गठित तीन सदस्यीय टीम ने अपनी जांच में चौंकाने वाले खुलासे किए थे, वित्तीय वर्ष 2024 -25 की कैश बुक तक संधारित नहीं की गई, वहीं सामग्री खरीदी के नाम पर 2,93,668 रूपए की भारी वित्तीय अनियमितता की पुष्टि हुई। इसके बावजूद अधिकारी दोषी सचिव पर पिछले दो साल से मेहरबान है। सचिव का कृत्य छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के विरुद्ध पाया गया। जब जाँच रिपोर्ट में गबन साफ है, तो फिर की फाइल पर ब्रेक किसने लगाया यह बड़ा सवाल है। इस पूरे प्रकरण में जनपद पंचायत ओड़गी पर भी गंभीर सवाल उठ रहे हैं। नियमित पंचायतों की निगरानी की जिम्मेदारी जनपद की होती है, लेकिन इतने बड़े वित्तीय खेल की भनक न लगना या जानकारी होने पर भी चुप्पी साधे रखना समझ से परे है। ग्रामीणों ने 5 सूत्रीय मांगें रखी हैं, जिससे दोषी सचिव के खिलाफ तत्काल आपराधिक मामला दर्ज किए जाने, .गबन की गई 2.93 लाख रुपए की राशि भू-राजस्व की तरह वसूली जाए। सेवा से बर्खास्तगी या निलंबन जैसी अनुशासनात्मक कार्रवाई हो, मामले की निष्पक्ष जांच एवं जांच से संबंधित समस्त प्रमाणित दस्तावेज सार्वजनिक किए जाने की मांग की है।

**दो चरणों में की गई जांच**

मानवेन्द्र कुमार सिंह ने कहा- ग्राम पंचायत खैरा में वित्तीय अनियमितता के संबंध में प्राप्त शिकायत की दो चरणों में जांच की गई है। जिला कार्यालय को कुछ बिंदुओं पर अतिरिक्त जानकारी चाहिए थी जो तैयार कर ली गई है। एक दो दिन में विस्तृत रिपोर्ट जिला कार्यालय को प्रेषित कर दी जाएगी।

---

### जश्न रिसार्ट में आयोजित लायंस क्लब का कांफ्रेंस का आयोजन

# लायंस क्लब सेवा संगठन ही नहीं बल्कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचने का माध्यम : विजय

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा



कार्यक्रम में उपस्थित लायंस क्लब के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर व पदाधिकारी।

लायंस क्लब इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3233 सी के अंतर्गत डिस्ट्रिक्ट गवर्नर पीएमजेएफ ला. विजय अग्रवाल ने अपनी डिस्ट्रिक्ट कांफ्रेंस उत्साह का आयोजन कोरबा के जश्न रिसार्ट में पूर्व इंटरनेशनल डायरेक्टर जितेंद्र सिंह चौहान (आगरा) के मुख्य आतिथ्य में आयोजित किया गया जबकि इनके सांथ डिस्ट्रिक्ट कि प्रथम महिला श्रीमती रेखा अग्रवाल,पूर्व मल्टीपल कौंसिल चेयरमैन राजेन्द्र तिवारी,जयप्रकाश अग्रवाल,पूर्व मल्टीपल कौंसिल वाइस चेयरमैन राजकुमार अग्रवाल,पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर सुधीर जैन,बसन्त मिश्रा,त्रिलोक चंद बरडिया, पुखराज बाफना, एम डी माखीजा, शैलेश अग्रवाल, प्रितपाल बाली, वाईस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर प्रथम रिपुदमन पुसरी, द्वितीय वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर पवन मलिक, विशिष्ट अतिथि के रूप में मंच पर उपस्थित रहे।

सर्वप्रथम कार्यक्रम का शुभारंभ लायन मेलविंन जोन्स की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन एवं लायंस ध्वज वंदना के साथ किया गया सर्वप्रथम स्वागत उद्बोधन में डिस्ट्रिक्ट गवर्नर पीएमजेएफ ला. विजय अग्रवाल ने कहा कि लायंस क्लब केवल सेवा संगठन नहीं, बल्कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक सहयोग पहुँचाने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने सेवा कार्यों में गुणवत्ता, पारदर्शिता और सहभागिता पर विशेष बल देते हुए कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण और आदिवासी कल्याण जैसे क्षेत्रों में लायंस क्लब की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने सभी क्लबों से अधिक से अधिक स्थायी और प्रभावी सेवा परियोजनाएँ संचालित करने का आह्वान किया था जिस पर लगभग सभी क्लबो ने बढ़ चढ़कर कार्य किया। मुख्य अतिथि पर्व इंटरनेशनल डायरेक्टर जितेंद्र सिंह चौहान ने अपने संबोधन में एलसीआईएफ के माध्यम से किए जा रहे अंतरराष्ट्रीय सेवा प्रकल्पों की जानकारी दी उन्होंने कहा कि एलसीआईएफ के सहयोग से प्राकृतिक आपदा राहत, नेत्र चिकित्सा, बाल स्वास्थ्य और जरूरतमंदों की सहायता के लिए विश्व स्तर पर सराहनीय कार्य हो रहे हैं। उन्होंने सभी लायन सदस्यों से एलसीआईएफ में सक्रिय योगदान देने की अपील की जिससे पूरे छेत्र में सहयोग के माध्यम से विकास किया जा सके। बैठक के दौरान डिस्ट्रिक्ट के विभिन्न सेवा प्रकल्पों की समीक्षा की गई तथा आगामी कार्ययोजनाओं पर विस्तृत चर्चा हुई। साथ ही उत्कृष्ट कार्य करने वाले क्लबों व पदाधिकारियों को मल्टीपल व इंटरनेशनल की पिन के सांथ प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में आयोजकों के द्वारा सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया बैठक सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई और लायंस सेवा भावना को नई दिशा देने वाली सिद्ध हुई। इस अवसर पर चेयरमैन कैलाश नाथ गुप्ता, जोन चेयरमैन पवन अग्रवाल के सांथ डिस्ट्रिक्ट टीम से सचिव वी के सिंह, कोषाध्यक्ष कैलाश अग्रवाल, पीआरओ अजय धनोंदिया, विक्रम अग्रवाल, नीतू गुप्ता, गोपाल केडिया, अनिल अग्रवाल, आशीष अग्रवाल, बजरंग अग्रवाल, दीपक माखीजा, कैलाश गुप्ता, पवन अग्रवाल, सुशील मिश्रा, रोहित राजवाड़े, प्रकाश अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, नरेंद्र अग्रवाल, रवि शंकर के सांथ डिस्ट्रिक्ट के सभी रिजन चेयरमैन, जोन चेयरमैन व सभी 150 क्लबो के पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित रहे।

---

## पटवारी और आरआई को बंधक बनाने वाले पिता पुत्र के खिलाफ मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक जमीन के सीमांकन को लेकर परिजनों ने पटवारी व आरआई को बंधक बनाए जाने के मामले में पुलिस ने पिता पुत्र के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। मामला सामने आने पर पटवारी संघ ने पिता पुत्र के खिलाफ कार्रवाई की मांग की थी।

करतला थाना क्षेत्र अंतर्गत बालको निवासी भरत चौहान पिता श्याम कुमार चौहान उम्र 41 साल का बाल्को 465/5/ए, नोनबिर्रा हल्का का पटवारी है। राजस्व निरीक्षक नोनबिर्रा जयपालसिंह तहसील करतला में पदस्थ है। न्यायालय नायब तहसीलदार करतला ज्ञापन के परिपालन में आवेदक संतराम पिता दिलाराम निवासी ग्राम नोनबिर्रा तहसील करतला, के ग्राम नोनबिर्रा प.ह.न. 29 रा.नि.म. नोनबिर्रा में स्थित भूमि खसरा नंबर 643/1 रकबा 0.085 हे. का सीमांकन के लिये विधिवत सूचना तामिल उपरांत ग्राम नोनबिर्रा के बनियापारा में 8 मई को उपस्थित हुए। मौके पर पर आवेदित भूमि खसरा नंबर 643 के समस्त बटांकन को नापकर आवेदक संतराम को बताया गया। इस दौरान दोपहर करीब 1 बजे आवेदक एवं आवेदक का पुत्र लीलाधर पटेल एवं हुकूम चंद पिता केशव प्रसाद, हरिराम पिता दिलाराम के द्वारा सीमांकन में आपत्ति करते हुए विवाद किया गया। विवाद करते हुए आरआई-पटवारी की कार के पीछे मोटर सायकल खड़ा कर मौके से इन्हें जाने नहीं दिया गया। रस्सी लाकर बांध देने का धमकी दिया गया। फिर इसी रस्सी से आवेदक के पुत्र लीलाधर पटेल द्वारा सुसाईड कर लूंगा बोला गया। आरोप है कि आवेदक एवं उनके परिवारों द्वारा आर आई व पटवारी को गाली गलौच कर गलत नापी कर रहे हो एवं पैसा लेकर गलत सीमांकन करने का आरोप लगाया गया। जब तक नायब तहसीलदार, कलेक्टर, टी आई नहीं आ जाता, नहीं जाने देगें कहकर लगभग दो घण्टे तक बंधक बनाया गया। उनके द्वारा सीमांकन करने जैसा शासकीय कार्य संपन्न नहीं होने दिया गया। जान से मारने की धमकी दिया गया और खुद फांसी लगाकर फंसा देने की धमकी दिया गया। करतला थाना में पटवारी भरत चौहान की रिपोर्ट पर संतराम पिता दिलाराम, लीलाधर पटेल पिता संतराम, हरिराम पिता दिलाराम और हुकूमचंद पटेल पिता केशव प्रसाद सभी निवासी नोनबिर्रा बनियापारा के विरूद्ध धारा 126(2), 221, 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज की गई है।

---

## जनदर्शन में आए आवेदनों का पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण करें निराकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा


समस्या सुनते कलेक्टर।

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जनदर्शन कार्यक्रम में जिले के शहरी एवं दूरस्थ ग्रामीण अंचलों से बड़ी संख्या में नागरिक पहुंचे और अपनी समस्याओं, मांगों एवं आवश्यकताओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। जनदर्शन में पहुंचे प्रत्येक नागरिक से कलेक्टर कुणाल दुदावत ने आत्मीय संवाद स्थापित करते हुए उनकी समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना तथा संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवेदनों का समयबद्ध, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

जनदर्शन कार्यक्रम के दौरान राशन, भूमि सीमांकन, प्रधानमंत्री आवास योजना, भूमि पट्टा, नक्शा-बटांकन, शौचालय निर्माण, बिजली बिल, श्रमिक भुगतान, स्वनिधी योजना सहित विभिन्न जनहितकारी योजनाओं एवं व्यक्तिगत समस्याओं से संबंधित 111 आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर श्री दुदावत ने सभी प्रकरण में संवेदनशीलता के साथ आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने अधिकारियों को निर्देशित किया। राशन संबंधी समस्याओं को लेकर प्राप्त आवेदनों पर कलेक्टर ने जिला खाद्य अधिकारी को प्रकरण प्रेषित करते हुए पात्र हितग्राहियों को दो माह का राशन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। प्रधानमंत्री आवास योजना से जुड़े आवेदन में उन्होंने संबंधित विभाग को आवेदन परीक्षण करने को कहा तथा स्पष्ट किया कि योजना का उद्देश्य कच्चे मकानों को पक्का आवास उपलब्ध कराना है, जबकि पृथक भूमि पर नया निर्माण योजना के प्रावधानों में शामिल नहीं है। ग्राम रंगबेल, जपेली एवं तुमान से आए ग्रामीणों ने शौचालय निर्माण एवं राशि भुगतान से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। इस पर कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को त्वरित परीक्षण कर भुगतान प्रक्रिया सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कोरबा नगर निवासी दिव्यांग राहुल चौहान ने स्वयं का गन्ना रस व्यवसाय प्रारंभ करने हेतु सहायता प्रदान किए जाने का आवेदन दिया। कलेक्टर श्री दुदावत ने नगर निगम अधिकारियों को निर्देशित करते हुए उन्हें प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के अंतर्गत लाभान्वित करने की कार्यवाही सुनिश्चित करने को कहा। इसी प्रकार भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना से संबंधित आवेदन पर डिप्टी कलेक्टर को परीक्षण कर नियमानुसार निराकरण करने के निर्देश दिए। बालको निवासी शंकर प्रसाद बरेठ द्वारा बढ़े हुए बिजली बिल के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया गया, जिस पर उन्होंने ने प्रकरण को सीएसईबी को प्रेषित करते हुए मुख्यमंत्री बिजली बिल समाधान योजना के तहत लाभ प्रदान करने के निर्देश दिए।

---

## भाजपा विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बनने में कार्यकर्ताओं का योगदान सर्वोपरि

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



बैठक को संबोधित करते जिलाध्यक्ष गोपाल मोदी।

**खास बात**

- भाजपा की मासिक बैठक मे दिखा संगठन का दम, आगामी अभियानों के लिए बना रोडमैच

भाजपा आज विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी इसलिए बनी है क्योंकि यहां कार्यकर्ता सर्वोपरि हैं। प्रत्येक पदाधिकारी और कार्यकर्ता को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का दायित्व निभाना होगा।

उक्त बातें केबिनेट मंत्री लखनलाल देवांगन ने भारतीय जनता पार्टी जिला कोरबा की भाजपा कार्यालय पंडित दीनदयाल कुंज टीपी नगर में आयोजित मासिक जिला संगठन बैठक के दौरान कही। बैठक में केबिनेट मंत्री लखनलाल देवांगन के साथ भाजपा जिलाध्यक्ष गोपाल मोदी उपस्थित रहे। बैठक का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं अतिथियों के पुष्पगुच्छ स्वागत के साथ हुआ। इस दौरान संगठन विस्तार, आगामी कार्यक्रमों की रणनीति, बूथ स्तर तक पार्टी की मजबूती, जनसंपर्क अभियान और कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी को लेकर विस्तृत मंथन किया गया। इस दौरान भारतीय जनता पार्टी जिला कोरबा के जिलाध्यक्ष गोपाल मोदी ने कहा कि जिला भाजपा संगठन लगातार बूथ स्तर तक पार्टी को मजबूत करने के लिए सक्रिय रूप से कार्य कर रहा है। उन्होंने मंडल एवं मोर्चा पदाधिकारियों से संगठनात्मक गतिविधियों को और अधिक गति देने का आह्वान करते हुए कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता संगठन की ताकत है। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है कि वे केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाएं तथा आगामी संगठनात्मक अभियानों को पूरी ताकत के साथ सफल बनाएं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से जनता के बीच लगातार सक्रिय रहने और पार्टी की विचारधारा को घर-घर पहुंचाने का आग्रह किया। जिला प्रभारी अनिल केसरवानी ने संगठनात्मक अनुशासन और नियमित संपर्क अभियान पर जोर देते हुए कहा कि भाजपा की ताकत उसकी मजबूत कार्यकर्ता संरचना है। उन्होंने सभी पदाधिकारियों से समन्वय के साथ कार्य करने और बूथ समितियों को और अधिक सक्रिय बनाने की बात कही। वहीं जिला सह प्रभारी ब्रजेन्द्र शुक्ला ने कहा कि संगठन की मजबूती निरंतर संवाद और सक्रियता से आती है। उन्होंने आगामी कार्यक्रमों को लेकर विस्तार से मार्गदर्शन देते हुए कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं की मेहनत और समर्पण ही पार्टी की सफलता का आधार है। मंचस्त अतिथियों में जिला प्रभारी अनिल केसरवानी, सह प्रभारी ब्रजेन्द्र शुक्ला, प्रदेश सदस्य अशोक चावलानी, पूर्व महापौर जोगेश लांबा, जिला महामंत्री संजय शर्मा, अजय विश्वकर्मा, जिला कोषाध्यक्ष अजय पांडेय, जिला उपाध्यक्ष मंजू सिंह, प्रफुल्ल तिवारी तथा एमआईसी मेंबर हितानंद अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक में जिले के सभी जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, महामंत्री एवं विभिन्न मोर्चा अध्यक्ष, महामंत्री भी शामिल हुए। बैठक के दौरान संगठनात्मक गतिविधियों की समीक्षा करते हुए आगामी अभियानों के लिए जिम्मेदारियां तय की गईं तथा पार्टी को बूथ स्तर तक और अधिक मजबूत बनाने का संकल्प लिया गया।

---

## शिक्षा, स्वास्थ्य के साथ मूलभूत आवश्यकताएं होंगी पहली प्राथमिकता

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सूरजपुर जिले में श्रीमती रेना जमील ने 11 कलेक्टर के रूप में सोमवार को अपना पदभार ग्रहण कर लिया। पदभार ग्रहण करने के बाद नवपदस्थ कलेक्टर एक्शन मोड में नजर आई। उन्होंने संयुक्त कलेक्टर कार्यालय की विभिन्न शाखाओं का निरीक्षण करने के साथ ही अधिकारी कर्मचारियों को समय पर कार्य का निष्पादन करने के साथ ही फाइलों का त्वरित निपटान करने और जनसुनवाई में संवेदनशीलता बरतने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने पत्रकारों से चर्चा कर जिले में चल रहे कार्यों और अपनी प्राथमिकताओं की जानकारी दी। कलेक्टर श्रीमती जमील ने बताया कि स्वास्थ्य, शिक्षा, बिजली, सड़क तथा जनकेन्द्रित अन्य मूलभूत आवश्यकताएं उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता में सम्मिलित हैं। जिले के प्रत्येक नागरिक तक शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचे तथा बुनियादी सुविधाएं सुगमता से उपलब्ध हों, इस दिशा में जिला प्रशासन प्रतिबद्धता के साथ कार्य करेगा। इसके साथ ही उन्होंने सुशासन तिहार 2026, जनगणना 2027 तको लेकर जानकारी दी। पत्रकार वार्ता में सुशासन तिहार 2026 के अंतर्गत जिले में आयोजित किए जा रहे शिविरों तथा क्षेत्रवासियों से प्राप्त आवेदनों की अद्यतन स्थिति के संबंध में विस्तृत जानकारी उपलब्ध करायी गयी। इसके साथ ही आम नागरिकों को सुगम, पारदर्शी एवं त्वरित सेवाएं उपलब्ध कराने हेतु जिला प्रशासन द्वारा तैयार की गयी कार्ययोजनाओं से भी पत्रकार बंधुओं को अवगत कराया गया। पत्रकार वार्ता में जनगणना 2027 की अद्यतन स्थिति के संबंध में भी विस्तृत जानकारी दी गयी। बताया गया कि 1 मई से 30 मई तक मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य संचालित किया जा रहा है। इस संबंध में अवगत कराया गया कि सूरजपुर जिले में कुल 1505 प्रगणक (रिजर्व सहित) तथा 269 पर्यवेक्षक (रिजर्व सहित) नियुक्त किए गए हैं। जिले में निर्धारित कुल 1433 जनगणना ब्लॉकों में से अब तक 246 जनगणना ब्लॉकों में गणना कार्य पूर्ण कर लिया गया है।

---

## ठगी करने वाले तीन आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**राजपुर।** ग्राम बादा निवासी प्रेम साय आ.स्व. अमर साय (62 वर्ष) ने चौकी बरियों में शिकायत दर्ज कराई थी कि 7 अप्रैल को बाइक सवार दो लोग उसके घर पहुंचे और शासकीय योजना के तहत खेत मरम्मत एवं नहर निर्माण कार्य में सब्सिडी दिलाने की बात कही। दोनों ने खेत का निरीक्षण कर मोबाइल नंबर लिया और अगले दिन जेसीबी मशीन लगाकर नहर निर्माण कार्य शुरू कर दिया। इस दौरान एक व्यक्ति स्वयं को मुंशी और दूसरा मैनेजर बताकर काम की निगरानी करता रहा। साथ ही आरोपियों ने भरोसा दिलाया कि शासन की योजना के तहत कार्य कराया जा रहा है और टेंडर पास कराने के लिए 5 लाख 50 हजार रुपये जमा करने होंगे, जिसमें बाद में 5 लाख रुपये की छूट मिल जाएगी। किसान को नहर निर्माण का कार्य जल्दी कराना था, इसलिए वह उनके झांसे में आ गया। आरोपियों ने किसान को बरियों क्षेत्र में अपने कथित बड़े अधिकारी से मिलवाया। वहां एक आर्टिका कार में बैठे व्यक्ति ने स्वयं को अधिकारी बताते हुए सब्सिडी और टेंडर प्रक्रिया की जानकारी दी तथा रकम जमा करने को कहा। आरोपियों ने किसान को अंबिकापुर स्थित सेंट्रल बैंक ले जाकर चेक के माध्यम से 5 लाख 50 हजार रुपये निकलवा कर राशि ले लिया और रकम लेने के बाद आरोपी रसीद लाने की बात कहकर फरार हो गए। इधर दोनों का मोबाइल बंद मिला वहीं खेत में चल रहा जेसीबी कार्य भी बंद कर मशीन गायब हो गई।

---

# वाहन की टक्कर से बाइक सवार दो युवकों की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- शादी कार्यक्रम में शामिल होकर रात में घर लौट रहे थे बाइक सवार

शादी कार्यक्रम में शामिल होकर रात में घर लौट रहे बाइक सवार को लमगांव खालपारा के समीप विपरीत दिशा से आ रहे वाहन के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। वाहन की टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि घायल दूसरे युवक ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है।


जानकारी के अनुसार लुंड्रा थाना अंतर्गत ग्राम सिलसिला निवासी विकास टोप्पो आ. राजेन्द्र टोप्पो (17 वर्ष) 10 मई की शाम गांव के ही बिकेश एक्का के साथ उसके बाइक से शादी कार्यक्रम में शामिल होने ग्राम लमगांव गए थे। शादी कार्यक्रम में शामिल होने के पश्चात विकास व बिकेश बाइक से रात लगभग 9 बजे वापस घर आ रहे थे और जैसे ही लमगांव खालपारा के समीप मुख्य मार्ग पर पहुंचे तभी विपरीत दिशा से आ रहे वाहन के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। वाहन की टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। इधर घटना को देख गांव के ही पंकज पटेल नामक व्यक्ति ने विकास टोप्पो के पिता को फोन से एक्सीडेंट हो जाने की सूचना दी। घटना की जानकारी लगते ही परिजन तत्काल मौके पर पहुंचे तो देखा बिकेश मृत हालत में पड़ा था जबकि विकास की हालत गंभीर थी। । इधर घटना की जानकारी लगने पर रघुनाथपुर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को तत्काल मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेजा। परिजन घायल को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने युवक की हालत गंभीर होने पर रेफर कर दिया। देर रात ही परिजन घायल युवक को शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां देर रात लगभग 2 बजे उपचार के दौरान युवक ने दम तोड़ दिया। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है। वहीं घटना के बाद रघुनाथपुर पुलिस बाइक सवार को टक्कर मारने वाले वाहन की तलाश शुरू कर दी है।

### अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गिरने से गंभीर युवक की गई जान

मेहमानी कर बाइक से घर लौट रहा युवक रास्ते में अनियंत्रित होकर बाइक सहित सड़क किनारे गिर गया। दुर्घटना में गंभीर हुए युवक की मेडिकल कॉलेज अस्पताल लाते समय रास्ते में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार कांसाबेल अंतर्गत ग्राम माही टोली ढोढ़ी बहार निवासी अनिमेश राम आ. रमेश राम (18 वर्ष) 9 मई को बाइक से ग्राम तमता रिश्तेदार के यहां मेहमानी करने गया था। युवक दूसरे दिन ग्राम तमता से वापस घर आ रहा था और जैसे ही ग्राम फरकरो मुख्य मार्ग पर पहुंचा तभी अनियंत्रित होकर बाइक सहित सड़क किनारे गिर गया जिससे गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन घायल को कुनकुरी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने युवक की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। परिजन घायल को लेकर मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचे जहा चिकित्सकों ने जांच उपरांत मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

### स्कॉर्पियो की टक्कर से गंभीर भृत्य की गई जान

सूरजपुर से घर प्रतापगढ़ जा रहे बाइक सवार भृत्य को काली घाट के समीप स्कॉर्पियो चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। दुर्घटना में गंभीर भृत्य की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है।जानकारी के अनुसार सीतापुर थाना अंतर्गत ग्राम प्रतापगढ़ दर्रीपारा निवासी अजय कुमार चौहान आ. स्व. मदन मोहन राम चौहान (29 वर्ष) सूरजपुर नागरिक आपूर्ति निगम में भृत्य के पद पर पदस्थ था और सूरजपुर में ही रहता था। 10 मई को सूरजपुर से घर जाने के लिए बाइक से निकला था। जैसे ही बाइक सवार कालीघाट मंदिर के समीप पहुंचा तभी विपरीत दिशा से आ रहे स्कॉर्पियो वाहन क्रमांक सीजी 15 सीवाई 2344 का चालक लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी जिससे बाइक सवार भृत्य गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को मेडिकल कॉलेज कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उपचार के दौरान भृत्य की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।



# हरिभूमि बिलासपुर संस्करण की 25वीं वर्षगांठ पर हार्दिक शुभकामनाएं
























## खबर संक्षेप

### भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की राष्ट्रीय बैठक हेतु अशोक रवाना हुए वृंदावन



**कोरबा।** व्यापारियों की देश की सर्वोच्च संस्था भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की विशाल बैठक 12 एवं 13 मई को धर्मनगरी वृंदावन में आयोजित की गई है। इस महत्वपूर्ण राष्ट्रीय बैठक में शामिल होने हेतु छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष अशोक मोदी एवं प्रदेश चेयरमैन सुधीर बंसल आज वृंदावन के लिए रवाना हो गए। इस राष्ट्रीय अधिवेशन के मुख्य अतिथि नागालैंड के राज्यपाल नंदकिशोर यादव होंगे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता व्यापारी कल्याण बोर्ड के राष्ट्रीय चेयरमैन एवं केंद्रीय कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त सुनील संगवी करेंगे। कार्यक्रम भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष बाबूलाल गुप्ता एवं राष्ट्रीय महामंत्री मुकुंद मिश्रा के नेतृत्व में संपन्न होगा। बैठक में देशभर के 28 राज्यों से व्यापारी प्रतिनिधि, उद्योगपति एवं संगठन पदाधिकारी शामिल होंगे। इस दौरान व्यापारियों एवं उद्योग जगत से जुड़ी विभिन्न समस्याओं और उनके निराकरण पर व्यापक चर्चा की जाएगी। प्रतिनिधिमंडल द्वारा केंद्रीय मंत्रियों को ज्ञापन सौंपकर व्यापार हितों की रक्षा एवं व्यापारी वर्ग को राहत प्रदान करने हेतु मांगें रखी जाएंगी।

### अवधेश बने प्रदेश संरक्षक, पूर्व मुख्यमंत्री की उपस्थिति में हुआ शपथ ग्रहण



**कोरबा।** वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप जी की जयंती के अवसर पर सर्व क्षत्रिय राजपूत महासंघ, छत्तीसगढ़ के नवनियुक्त पदाधिकारियों का सामूहिक शपथ ग्रहण और स्नेह मिलन समारोह का आयोजन महासंघ के प्रधान संरक्षक पूर्व मुख्यमंत्री डॉ.रमन सिंह की उपस्थिति में रायपुर के स्पीकर हाउस के सभागार में किया गया। कार्यक्रम के दौरान राजपूत क्षत्रिय क्षत्रिय समाज जिला अध्यक्ष ठा अवधेश सिंह को सर्व क्षत्रिय राजपूत महासंघ छत्तीसगढ़ का पदेन संरक्षक सदस्य नियुक्त गए हैं, साथ ही शैलेश सिंह सोमवंशी को महासंघ का उपाध्यक्ष पद पर सर्वसहमति से मनोनयन करते हुए, महासंघ के प्रांतीय कार्यकारिणी टीम में जिम्मेदारी दी गई है। अन्य 18 संगठनों को मिलाकर कुल 34 कार्यकारिणी पदाधिकारियों ने भी शपथ लिये। कार्यक्रम में मुख्य रूप प्रदेश के 19 क्षत्रिय राजपूत संगठनों ने हिस्सा लिया। जिसमें मुख्य रूप से महासंघ के निर्विरोध निर्वाचित अध्यक्ष जेके सिंह, महासचिव प्रेम सिंह ठाकुर, कोषाध्यक्ष गजेंद्र सिंह ठाकुर ने भी पद और गोपनीयता की शपथ ली।

### उप निर्वाचन हेतु नोडल अधिकारी नियुक्त

**कोरबा।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायतों के उप निर्वाचन 2026 को सुचारू ढंग से संपन्न कराने के लिए विभिन्न शाखाओं के कार्य हेतु नोडल एवं सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त कर सहयोगी कर्मचारियों की पदस्थगी के आदेश जारी कर दिया गया है। नगरीय क्षेत्र एवं त्रिस्तरीय पंचायतों के उप निर्वाचन हेतु कानून व्यवस्था शाखा के लिए पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी अपर कलेक्टर कोरबा देवेन्द्र पटेल एवं अपर कलेक्टर कटघोरा ओंकार यादव को नोडल और सर्व अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। डाक मतपत्र/निर्वाचन कर्तव्य मतपत्र शाखा के लिए सहायक संचालक सांख्यिकीय गायत्री लहरे को नोडल एवं सहायक प्रोग्रामर शीतल अग्रवाल को सहायक नोडल अधिकारी,नियुक्त किया गया है।

### रेलवे ने विशेष अभियान चलाकर यात्रियों से वसूले लगभग 8.33 करोड़ रुपए

**कोरबा।** बिलासपुर रेल मंडल में ट्रेनों की भीड़ अब सिर्फ यात्रियों की परेशानी नहीं बल्कि रेलवे के लिए बड़ी चुनौती बन गई है। हालात ऐसे हैं कि पिछले 125 दिनों में हर घंटे औसतन 53 यात्री बिना टिकट पकड़े गए। जनवरी से 7 मई तक रेलवे ने विभिन्न स्टेशनों और ट्रेनों में विशेष अभियान चलाकर 1 लाख 61 हजार 518 यात्रियों पर कार्यवाही कर उनसे 8 करोड़ 33 लाख 70 हजार 643 रुपए जुर्माना वसूला। सबसे ज्यादा 93 हजार से अधिक यात्री बिना टिकट यात्रा करते मिले। रेलवे अधिकारियों के मुताबिक भीड़ बढ़ने के साथ जनरल टिकट लेकर स्लीपर और रिजर्वेशन कोच में घुसने की शिकायतें लगातार बढ़ी हैं। इससे रिजर्वेशन कराने वाले यात्रियों को सबसे ज्यादा परेशानी हुई। रेल मंडल ने जनवरी से लगातार टीटीई और रनिंग स्टाफ की विशेष जांच टीम लगाई। इसी का असर है कि रोज औसतन 1290 से ज्यादा यात्रियों पर कार्यवाही हुई। रेलवे के आंकड़ों के अनुसार सबसे ज्यादा मामले बिना टिकट यात्रा के रहे, जबकि 38 हजार से ज्यादा यात्री गलत या अनियमित टिकट पर सफर करते पकड़े गए। रेलवे जांच अभियान में बिना टिकट यात्रा, गलत या अनियमित टिकट पर सफर, बिना लगेज बुकिंग सामान ले जाने, महिला कोच में पुरुष यात्रियों के बैठने, ट्रेन और प्लेटफॉर्म पर गंदगी फैलाने, धूम्रपान करने और हंगामा करने वाले यात्रियों पर कार्यवाही कर उनसे जुर्माना वसूला। रेलवे अधिकारियों ने कहा है कि गर्मी की छुट्टियों और ट्रेनों में बढ़ती भीड़ को देखते हुए आगे भी अभियान जारी रहेगा।

# ग्राम पंचायतों को जोड़ा जा रहा इंटरनेट सेवा से, बिछाए गए केबल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

केन्द्र सरकार की भारत नेट योजना के तहत ग्राम पंचायतों का डिजिटलीकरण करते हुए इंटरनेट की सेवा से जोड़ने के लिए जिला स्तर पर काम शुरू हो गया है। पहले चरण में ब्लाक मुख्यालय के समीप की ग्राम पंचायतों को पहले इंटरनेट से जोड़ा जा रहा है। इसके तहत पंचायतों में सभी तरह के कार्य ऑनलाइन हो जाएंगे।

अलग खबर

पिछले वर्ष 2025 में केन्द्र सरकार की भारत नेट योजना के अंतर्गत ग्राम पंचायतों को इंटरनेट से जोड़ने का काम शुरू किया गया था। हालांकि इसके पूर्व ब्लाक मुख्यालय तक आप्टिकल फाइबर केबल बिछा दिए गए थे। लेकिन कुछ तकनीकी कारणों से ग्राम पंचायतों को डिजिटलीकरण करने का काम थमा हुआ था। बीते वर्ष दिसंबर महीने से इस योजना को गति देते हुए कार्य शुरू किए गए। ग्राम पंचायतों में हाई स्पीड सेवा के लिए आप्टिकल फाइबर केबल कुछ और क्षेत्रों में बिछाने का काम चल रहा है। ताकि ग्राम पंचायतों को ऑनलाइन के कार्य शुरू किए जा सकें। इसके लिए जिले के 172 पंचायतों को शामिल किया गया है। विकासखंड मुख्यालय के समीप की ग्राम पंचायतें सबसे पहले जोड़ी जाएंगी। जिले के करतला और पोड़ी उपरोड़ा विकास खंड में इस कार्य को प्राथमिता से करने के लिए समितिभी गठित की गई है।

## पंचायतों के डिजिटलीकरण का कार्य शुरू

**खास बातें**

- केन्द्र सरकार की भारत नेट योजना से जुड़ेंगी पंचायतें
- सभी ग्राम पंचायत में बनेंगे अटल डिजिटल केंद्र




### फाइबर टू द होम कनेक्शन

ग्राम पंचायतों के माध्यम से ग्रामीणों को अब पंचायत स्तर पर ही इंटरनेट सेवा उपलब्ध कराने का लक्ष्य है। जिसके माध्यम से ई स्वास्थ्य, ई शिक्षा, ई गवर्नेंस जैसी सेवाएं मजबूत की जा सकेंगी। साथ ही वायफाई, हॉटस्पाट भी इस योजना के अंतर्गत स्थापित किए जाएंगे। इसके लिए प्रदेश स्तर से एक बड़ी राशि जारी की गई है। जिले में रिंग टोकोलॉजी के माध्यम से नेटवर्क सेवा को मजबूत बनाया जाएगा।

### अटल डिजिटल केन्द्र होंगे स्थापित

ऐसे गांव जो ब्लाक मुख्यालय से दूर हैं उन्हें इस योजना से जोड़ने के लिए अटल डिजिटल केन्द्र योजना के तहत कार्य करते हुए जिन पंचायतों को इंटरनेट से जोड़ा जाएगा उनमें अटल डिजिटल केन्द्र स्थापित होंगे, जहां जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र जैसी सुविधाएं ग्रामीणों को मिल सकेंगी।

## हितग्राहियों को योजनाओं से किया लाभान्वित, सामग्री का किया वितरण

# एक ही जगह सभी अधिकारियों की उपस्थिति से नागरिकों को नहीं लगाना पड़ता चक्कर: लखन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देशन में जिले में सुशासन तिहार मनाया जा रहा है। इस कड़ी में परिवहन नगर वार्ड के नगर अंतर्गत शहरी वार्डो की समस्याओं के निराकरण के लिए जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन ट्रांसपोर्ट नगर में किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने स्टॉल का अवलोकन कर हितग्राहियों को शासन की योजनाओं से लाभान्वित किया।

**खास बात**

- शहरी क्षेत्र के परिवहन नगर जोन के सुशासन तिहार में शामिल हुए उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन

नगर पालिक निगम अंतर्गत ट्रांसपोर्ट नगर जोन कार्यालय में वार्ड के अंतर्गत जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देशन में प्रदेश में 1 मई से 10 जून तक सुशासन तिहार का आयोजन किया जा रहा है। ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में सुशासन तिहार अन्तर्गत अलग अलग शिविर लगाए जा रहे है। गर्मी और धूप होने के बाद भी आमनागरिको की समस्याओं को सुनने और निराकरण के लिए शासन-प्रशासन का पूरा अमला ही नहीं लगा है, प्रदेश के मुख्यमंत्री और मंत्री सहित सभी बड़े अधिकारी भी दूरस्थ क्षेत्र में जा रहे हैं। मुख्यमंत्री अचानक से किसी भी गाँव का दौरा कर शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन की वस्तुस्थिति जानने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस तिहार का आयोजन के लिए मैं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का विशेष धन्यवाद दूंगा कि उनकी इस पहल का लाभ शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों के जरूरत मंद लोग उठा पाते हैं। मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि यह शिविर सभी के लिए लाभदायक है। इस शिविर में आसानी से किसी समस्या का निराकरण हो पाता है, क्योंकि इसमें सभी अधिकारी मौके पर ही उपस्थित होते है। मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश का तेजी से विकास हो रहा है। उन्होंने गरीब कल्याण के लिए योजनाएं बनाई है। पीएम आवास योजना से गरीब वर्ग को लाभ मिला है। मुख्यमंत्री ने प्रदेश के विकास के लिए कोई कसर नहीं छोड़ी है। मंत्री श्री देवांगन ने कोरबा के विकास के लिए डीएमएफ से भी बड़ी राशि स्वीकृत होने और बुनियादी आवश्यकता बिजली, पानी, सड़क, आंगनबाड़ी, स्कूल,अस्पताल बनने की बात कही। मंत्री श्री देवांगन ने सुशासन तिहार का लाभ उठाने और आमनागरिको को जागरूक करते हुए उन्हें योजनाओं से लाभान्वित करने की अपील की। कार्यक्रम को महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु दे० साय के मार्गदर्शन में सुशासन तिहार का आयोजन किया जा रहा है। प्रदेश के मुख्यमंत्री को लोगों की बड़ी चिंता है वे उनको योजनाओं से लाभान्वित करने के साथ ही उनकी समस्याओं का निराकरण भी कर रहे हैं तथा निगमायुक्त आशुतोष पांडेय ने नगर पालिक निगम द्वारा किये जा रहे प्रयासों को विस्तार से बताया।




सुशासन तिहार शिविर को संबोधित करते उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन।

## कैदियों की हरकत पर तीसरी आंख की नजर लगेंगे 40 हाई रिजॉल्यूशन कैमरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा




फाइल फोटो

जिला जेल की सुरक्षा अब और पुख्ता होने जा रही है। जेल के चप्पे-चप्पे पर नजर रखने के लिए हाई रिजॉल्यूशन वाले लगभग 40 सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। जेल मुख्यालय से कैमरे की खेप पहुंच चुकी है। विशेषज्ञों की टीम जल्द ही जिला जेल पहुंचेगी और सभी कैमरे को जेल के चप्पे चप्पे पर इंस्टॉल करेगी। जिसके बाद सौ से अधिक कैमरों से निगरानी होगी।

उल्लेखनीय है कि औद्योगिक नगरी होने की वजह से कोरबा जिला जेल में कैदियों की संख्या अधिक बनी रहती है। जेल में पर्याप्त मैनुअल बल भी नहीं है, इसलिए जेल प्रबंधन लगातार हाईटेक गतिविधियों को अपनाते हुए हाई रिजॉल्यूशन कैमरा लगाया जा रहा है। जेल अमितेश साहू ने इसके लिए जेल मुख्यालय को पत्र लिखा था जहां से स्वीकृति मिलते ही मुख्यालय से लगभग 40 हाई रिजॉल्यूशन कैमरा जिला जेल पहुंच चुकी है। ये कैमरे इतने शार्प होंगे कि रात के अंधेरे में भी कैदियों के चेहरे और हर हरकत साफ दिखेगी। जिला जेल कोरबा को हाईटेक बनाने की कवायद तेज हो गई है। हाई रिजॉल्यूशन सीसीटीवी कैमरे लगाने का आने वाले दिनों में शुरू होगा। जेलर अमितेश साहू ने बताया कि पुराने एनालॉग कैमरे अब आउटडेटेड हो चुके थे। कई जगह ब्लाइंड स्पॉट थे। नए प्रोजेक्ट में 40 हाई रिजॉल्यूशन कैमरे लगेंगे। ये सभी कैमरा बैरक, अस्पताल वार्ड, मुलाकात कक्ष, किचन, वर्कशॉप, मुख्य गेट, वॉच टावर और 20 फीट ऊंची दीवार के बाहर तक कवर करेंगे।

### लगभग सौ कैमरे से किया जाएगा निगरानी

जेलर अमितेश साहू ने बताया कि जिला जेल में पहले से 70 कैमरा लगे हुए हैं। कुछ कैमरा खराब हुए थे उनके स्थान पर नये कैमरों को शिफ्ट किया जाएगा। साथ ही अन्य स्थानों को चिन्हांकित किया गया जहां नया कैमरा लगाया जाएगा। 40 कैमरा लगने के बाद लगभग सौ से अधिक कैमरे से कैदियों पर सीधे निगरानी की जाएगी। जेलर अमितेश साहू स्वयं अपने ऑफिस से सभी कैमरों की निगरानी करेंगे।

## मेडिकल कालेज की कैंटिन सहित खाद्य प्रतिष्ठानों की जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सही दवा-शुद्ध आहार यही छत्तीसगढ का आधार इस थीम के अंतर्गत 27 अप्रैल से 11 मई के बीच 15 दिवसीय सघन जांच अभियान की अंतिम चरण में निजी एवं शासकीय अस्पतालों की फार्मेसियो की निरीक्षण की कार्यवाही की गई है। यह अभियान सचिव स्वास्थ्य एवं नियत्रंक के आदेशानुसार कलेक्टर कुणाल दुदावत द्वारा गठित दल के द्वारा सहायक औषधि नियंत्रक के मार्गदर्शन में जिले के विभिन्न क्षेत्रों में सघन रूप से चलाया गया।

**खास बात**

- खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम दे रही दुकानों में दबिश

अभियान के अंतर्गत निर्धारित कार्ययोजना के अनुसार में जिला कोरबा के खाद्य एवं औषधि प्रशासन के औषधि प्रकोष्ठ से औषधि निरीक्षक सुनील सांडे, रिशी साहू एवं वीरेन्द्र भगत भाग की संयुक्त टीम के साथ विशेष रूप से जन जागरूकता, विभिन्न क्षेत्रों में स्थित निजी एवं शासकीय अस्पताल की फार्मेसियो की जांच तथा एंटीबायोटिक एवं स्वापक मनः प्रभावी औषधियों के नियंत्रित उपयोग से संबधित कार्यवाही की गयी। यह अभियान औषधियों की गुणवत्त, सुरक्षित उपयोग, कोल्ड चेन संधारण, नियमानुसार विक्रय तथा जन स्वास्थ्य संरक्षण के उद्देश्य से संचालित किया जा रहा है। अभियान में जिला स्तर पर स्वापक एवं मनः प्रभावी औषधियों तथा एंटीबायोटिक औषधियों के संबंध में जन जागरूकता कार्यक्रम के तहत एन. के. एच. हास्पीटल कोरबा के डाक्टर एवं नर्सिंग स्टॉफ को उक्त औषधियों के दुरूपयोग के कारण शरीर पर पड़ने वाले दुष्प्रभाव एवं औषधियों के प्रतिरोधक क्षमता के असर के बढ़ते खतरे के संबंध में जानकारी प्रदान की गयी। साथ ही स्वापक एवं मनः प्रभावी औषधियों के औषधि एवं प्रसाधन अधिनियम तथा अवैध उपयोग, दुरूपयोग तथा अनियमित विक्रय को रोकने हेतु एनडीपीएस अधिनियम के प्रावधानो की जानकारी दी गयी। तथा विभाग के द्वारा आम नागरिकों से अपील किया गया कि चिकित्सक के पर्चे के बिना ऐसी औषधियों का क्रय विक्रय अपराध है तथा इसका् स्वास्थ्य पर गंभीर प्रतिकूल प्रभाव पड सकते है।



दवाईयों के जांच पड़ताल करते विभागीय अधिकारी।

### इन जगहों का किया गया निरीक्षण

निरीक्षण के दौरान औषधियों के संधारण, रिकार्ड संधारण, कय विक्रय अभिलेख, तापमान नियंत्रण व्यवस्था, एक्सपायरी एवं शेड्यूल एच एवं एच वन औषधियो के नियमानुसार संधारण की जांच की गयी। इसके अतिरिक्त अस्पतालों में प्रतिकूल औषधि प्रभाव की रिपोर्टिंग प्रकिया का भी परीक्षण किया गया। संबधित फार्मासिस्टो एवं प्रबंधन को निर्देशित किया गया कि मरीजों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुये प्रत्येक औषधि का वितरण नियमानुसार किया जाए तथा किसी भी प्रतिकूल औषधीय प्रभाव की सूचना समय पर संबधित प्राधिकरण को उपलब्ध कराई जाये। उक्त अभियान में टीपी नगर स्थित केडीसीसी फार्मेसी डां आशीष अग्रवाल क्लीनिक, महादेव फार्मेसी शिवाय हास्पीटल, अहान मेडिकल फार्मेसी, शिवाय हास्पीटल नया बस स्टैंड, आरोग्य धाम हास्पीटल नया बस स्टैंड, हर्षिका फार्मेसी डा. प्रिसं जैन नया बस स्टैंड, पालीवाल मेडिको गेवरा, एम.के. मेडिको दिपका आदि शामिल हैं।

## जानलेवा हमले के मामले में आरोपी को दस साल की कैद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

नया बस स्टैंड टीपी नगर में एक साल पूर्व युवक के गले पर ब्लेड से जानलेवा हमला करने के मामले में फास्ट ट्रैक कोर्ट ने फैसला सुनाया है। जहां आरोपी को 10 वर्ष के सश्रम कारावास तथा 1 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया है। अर्थदंड की राशि जमा नहीं करने पर आरोपी को अतिरिक्त 3 माह का सश्रम कारावास भुगतना होगा।

अतिरिक्त लोक अभियोजक मोहन सोनी ने बताया कि ग्राम मदनपुर खरसिया निवासी आरोपी मनोज सारथी पिता जूगलाल सारथी उम्र 22 वर्ष ने 19 जुलाई 2025 की शाम करीब 4:25 बजे सीएसईबी चौकी क्षेत्र अंतर्गत नया बस स्टैंड में सूरज नगेसिया और सुमित्रा गिरी पहुंचे थे। इस दौरान किसी बात को लेकर मनोज सारथी ने ब्लेड से सूरज नगेसिया के गले पर हमला कर दिया। अचानक हुए इस हमले से बस स्टैंड में अफरा-तफरी मच गई। बीच-बचाव करने पहुंची सुमित्रा गिरी के हाथ के अंगूठे में भी चोट लगी थी। इस मामले में पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर न्यायालय में पेश किया था। जहां मामले की सुनवाई फास्ट ट्रेक कोर्ट माननीय सीमा प्रताप चंद्रा के न्यायालय में चल रही थी जहां आरोपी मनोज सारथी के खिलाफ दोष सिद्ध होने पर दस वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई गई है। मामले में अभियोजन की ओर से अतिरिक्त लोक अभियोजक मोहन सोनी ने मामले की पैरवी की।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल
काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

### विभिन्न ग्रामों के लगभग 300 महिला एवं पुरुष बनाए गए सदस्य

# समन्वय स्थापित करने हेतु ग्राम रक्षा समितियों का गठन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पुलिस महानिरीक्षक बिलासपुर रेंज पुलिस के निर्देशानुसार एवं पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के मार्गदर्शन में थाना बालको नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्रामों के सक्रिय महिला एवं पुरुष सदस्यों को जोड़ते हुए विभिन्न ग्राम रक्षा समितियों का गठन किया गया।

थाना बालको के मंगल भवन में सोमवार को आयोजित कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लखन पटले, थाना प्रभारी युवराज तिवारी, क्षेत्र के पार्षदगण एवं नागरिकों की उपस्थिति में लगभग 3 सौ महिला एवं पुरुषों को ग्राम रक्षा समिति का सदस्य बनाकर परिचय पत्र वितरित किया गया। कार्यक्रम के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री पटले द्वारा ग्राम रक्षा समिति के सदस्यों की बैठक लेकर उन्हें गांवों में होने वाले अपराध, अवैध गतिविधियों एवं असामाजिक तत्वों पर सतत निगरानी रखने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तत्काल सूचना पुलिस को देने हेतु निर्देशित किया गया। ग्राम रक्षा समिति के गठन से पुलिस एवं आम जनता के बीच समन्वय और अधिक मजबूत होगा तथा ग्रामीण क्षेत्रों में होने वाली आपराधिक गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने में सहायता मिलेगी। पुलिस को स्थानीय स्तर पर त्वरित सूचना प्राप्त होने से अपराधों की रोकथाम एवं शीघ्र कार्यवाही में भी लाभ मिलेगा।



रक्षा समितियों के सदस्य।



राजस्थान टूर
जयपुर, जोधपुर, उदयपुर, पुष्कर
अजमेर, जैसलमेर, खाटू श्याम
10 सितम्बर, 15 अक्टूबर, 12 नवम्बर, 10 दिसम्बर 2026
राशिः-स्लीपर-17,500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

11-korba-pg1-EXTRA_Layout 1 11-05-2026 14:18 Page 1

हरिभूमि बिलासपुर संस्करण के 25 वर्ष का विश्वास आपका साथ 25वां वर्षगांठ

बिलासपुर, मंगलवार, 12 मई 2026

# कोरबा भूमि

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

# सच, सरोकार और विश्वास के 25 वर्ष

पत्रकारिता जब अपने मूल मापदंडों सच्चाई, निष्पक्षता और जनसरोकार के मकसद से आगे बढ़ती है तो वह समाज में विश्वास का प्रतीक बन जाती है। हरिभूमि ने अपने 25 बरस के सफर में यह विश्वास अर्जित किया है। 25 वर्षों की यह गौरवशाली यात्रा इसी विश्वास, समर्पण और जिम्मेदार पत्रकारिता की सशक्त कहानी है।

स्थापना दिवस के इस गौरवपूर्ण अवसर पर हमें इस बात का गर्व है कि अपने प्रारंभिक दौर से ही संस्थान ने सटीक, निष्पक्ष और विश्वसनीय पत्रकारिता के साथ एक विशिष्ट पहचान स्थापित की है। उद्देश्य कभी भी केवल समाचारों की भीड़ का हिस्सा बनना नहीं रहा, बल्कि गुणवत्ता, विश्वसनीयता और पाठकों के विश्वास के साथ अग्रणी स्थान प्राप्त करना रहा है। एबीसी की प्रमाणित रिपोर्ट में निरंतर उच्च प्रसार संख्या इस प्रतिबद्धता को प्रमाणित करती रही है। जुलाई 2025 से दिसंबर 2025 के बीच हरिभूमि बिलासपुर संस्करण की प्रसार संख्या 1,32,374 रही है। वहीं राजधानी रायपुर संस्करण की प्रसार संख्या 2,33,011 है। यह केवल आंकड़ा नहीं, हरिभूमि के भरोसे पर पाठकों की मुहर है। रोहतक से शुरू हुई इस सशक्त यात्रा को पाठकों ने हर पड़ाव पर भरपूर स्नेह और समर्थन दिया। इसके बाद बिलासपुर, रायपुर, जबलपुर होते हुए भोपाल तक संस्थान का विस्तार हुआ और हर शहर में पाठकों ने इसे हाथों-हाथ लिया। यही विश्वास और अपनापन आज इसे देश के प्रमुख हिंदी समाचार पत्रों की श्रेणी में स्थापित करने की दिशा में निरंतर आगे बढ़ा रहा है।

यह सफलता किसी संयोग का परिणाम नहीं, बल्कि संपादकीय, प्रबंधन और तकनीकी टीम के निरंतर समर्पण, अथक परिश्रम और पाठकों के अटूट विश्वास का प्रतिफल है। संस्थान ने सदैव अपने पाठकों को केवल पाठक नहीं, बल्कि परिवार का हिस्सा माना है। उनकी भावनाओं, अपेक्षाओं और सरोकारों को समझते हुए हर खबर को जिम्मेदारी और संवेदनशीलता के साथ प्रस्तुत किया गया है।

स्थानीय मुद्दों को प्राथमिकता देते हुए संस्थान ने क्षेत्रीय पहचान को सशक्त बनाया और उसे व्यापक स्तर तक पहुंचाया है। यह सिर्फ एक समाचार पत्र नहीं, बल्कि समाज का दर्पण बनकर हर वर्ग की आवाज़ को मंच देने का कार्य कर रहा है। सिर्फ समाचार प्रकाशन तक सीमित न रहकर, संस्थान ने सामाजिक दायित्वों का भी सक्रिय निर्वहन किया है। विभिन्न जिलों में पौधरोपण अभियान,स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन, जरूरतमंदों की सहायता, तथा समाजहित के अनेक काम इसकी पहचान बन चुके हैं। साथ ही युवा पीढ़ी को प्रोत्साहित करने, उनकी प्रतिभा को मंच देने और नारी सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए भी समय-समय पर प्रतियोगिताओं एवं कार्यक्रमों का सफल आयोजन किया जाता रहा है। बदलते दौर के साथ कदमताल करते हुए संस्थान ने डिजिटल माध्यमों को भी मजबूती से अपनाया है, जिससे नई पीढ़ी तक तेज़ और प्रभावी पहुंच सुनिश्चित हो सकी है। आने वाले समय में हमारा संकल्प है कि हम केवल अपनी उपलब्धियों को बनाए न रखें, बल्कि पत्रकारिता के नए मानदंड स्थापित करते हुए पाठकों के विश्वास को और सुदृढ़ करें। निरंतर नवाचार, निष्पक्षता और जनसेवा की भावना के साथ हम प्रगति की नई ऊँचाइयों को छूते रहेंगे। इसके लिए हमारी ताकत बनने वाले हर पाठक का आभार...।




# विकास की ओर अग्रसर औद्योगिक नगरी

*छत्तीसगढ़ का प्रमुख औद्योगिक केंद्र कोरबा, बिजली और कोयला उत्पादन के दम पर तेजी से विकास के पथ पर अग्रसर है। एनटीपीसी बालको और सेल जैसे बड़े उद्योगों के साथ, यह शहर ऱपावर कैपिटलर के रूप में अपनी पहचान बनाए हुए है और अब बुनियादी ढांचे, शिक्षा, स्वास्थ्य और आजीविका विकास के साथ आधुनिक शहर के रूप में संवर रहा है।*

## औद्योगिक महाशक्ति

कोरबा देश के लिए 10% से अधिक थर्मल बिजली पैदा करता है। यहाँ एसईसीएल की विशाल कोयला खदानें और बालको का एल्यूमीनियम संयंत्र स्थित है, जो देश की अर्थव्यवस्था में बड़ी भूमिका निभाते हैं।

## अवसंरचना और शहरीकरण

नगर पालिक निगम कोरबा , जो छत्तीसगढ़ का सबसे बड़ा निगम है, तेजी से शहरी विकास कर रहा है, जिसमें नई सड़कें, सामुदायिक भवन, और बेहतर नागरिक सुविधाएं शामिल हैं।

## जन कल्याण और आजीविका

खनन प्रभावित क्षेत्रों के लिए जिला खनिज संस्थान न्यास डीएमएफ के तहत स्वास्थ्य, शिक्षा, और आजीविका के नए अवसर पैदा किए जा रहे हैं।

## सांस्कृतिक और प्राकृतिक सुंदरता

औद्योगिक विकास के साथ-साथ, हसदेव और अहीरन नदियों के संगम पर स्थित यह जिला अपनी समृद्ध आदिवासी संस्कृति को भी सहेज रहा है। कोरबा, जो कभी 1973 तक एक छोटी ग्राम पंचायत थी, आज एक प्रमुख औद्योगिक और विकसित जिला बन चुका है।

SANJEEVA CARE "Medicine Specialty Hospital"

SANJEEVA CARE
आपकी सेहत, हमारी प्राथमिकता !

Korba Diabetic & CARDIO CENTER
Diabetes, Thyroid & Heart Center

कोरबा का सर्वश्रेष्ठ मेडिसिन विभाग

24/7 आपातकालीन और क्रिटिकल केयर, वह भी किफायती दरों में!

" स्वस्थ कोरबा का विश्वसनीय अस्पताल "




OUR SPECIALITIES

विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम
अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधाएँ
24/7 आपातकालीन एवं क्रिटिकल केयर
सटीक जाँच और प्रभावी उपचार

संजिवा केयर विशेष और समग्र स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान करता है

- डायबिटीज केयर-नियंत्रण, रोकथाम और प्रबंधन के लिए समग्र प्रोग्राम।
- कार्डियोलॉजी-हृदय स्वास्थ्य हेतु उन्नत जाँच और उपचार।
- चिकित्सा-बुखार, डेंगू, मलेरिया, टाइफाइड, निमोनिया, स्ट्रोक, सांस लेने में कठिनाई, दिल का दौरा, गुर्दे की विफलता, जुकाम, तीव्र आंत्रशोथ, और अन्य सभी चिकित्सा से संबंधित रोग ।
- इन-पेशेंट वार्ड-जनरल, सेमी-प्राइवेट, प्राइवेट, डीलक्स रूम और स्वीट रूम।
- डायग्नोस्टिक्स और लैब-आधुनिक प्रयोगशाला और इमेजिंग सुविधाएँ।
- फार्मेसी-उच्च गुणवत्ता वाली दवाओं के साथ इन-हाउस फार्मेसी।
- प्रिवेंटिव हेल्थ पैकेज-डायबिटीज, कार्डियक, एग्जीक्यूटिव, महिला स्वास्थ्य और कॉर्पोरेट योजनाएँ।

डॉ. आशीष अग्रवाल | MBBS, MD, FICP, F.D.I, F.I.S.H, C. DIAB

+91 7747922179 | sanjeevacare.in

39, आई.सी.सी., टी.पी. नगर मेन रोड, ऑरा फर्निशिंग के पास, कोरबा



# हरिभूमि बिलासपुर संस्करण की 25वीं वर्षगांठ पर हार्दिक शुभकामनाएं





















# हरिभूमि बिलासपुर संस्करण की 25वीं वर्षगांठ पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...





















# हरिभूमि के बिलासपुर संस्करण की 26वी स्थापना दिवस पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...

हरिभूमि बिलासपुर संस्करण के 25 वें वर्षगांठ पर हार्दिक शुभकामना हरिभूमि

हरिभूमि के बिलासपुर संस्करण
की 26वी स्थापना दिवस पर
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

**Renuka Diagnostics**
**PATHOLOGY**
Hormonce & Immune Lab
Advanced Clinical
Laboratory Services
Web Based Techonology

डॉ. अजय शेष
MD PATHOLOGY

डॉ. अनिल कुमार अरोरा
DCP PATHOLOGY

**P.H. Road, Bhagat Singh Market**
Korba 495678 INDIA Phone: 07759-223066, Mo. 9827463897
Website: www..rdpathlabs.com, E-mail:info@rdpathlabs.com



हरिभूमि बिलासपुर संस्करण के 25 वें वर्षगांठ पर हार्दिक शुभकामना हरिभूमि

**देवेन्द्र पाण्डेय**
पूर्व अध्यक्ष छ.ग. राज्य सहकारी कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक (छ.ग. शासन)

**हरिभूमि**
की 25वीं वर्षगांठ पर
हार्दिक अभिनंदन

**BLUE DIAMOND THE HOTEL**
ROOMS, RESTAURANT, BANQUETS
KORBA 84619 26666, 777193 6666
EST. 1988

**25** years of success
**कोरबा कम्प्यूटर कॉलेज**
अटल बिहारी वाजपेयी
विश्वविद्यालय बिलासपुर, (छ.ग.)
*A Post Graduate Degree College*
**BCA | BBA | B.COM**
**DCA | PGDCA**
**|MSC(CS)**
LEARN MORE
www.kcc.ac.in
2026-27
**ADMISSION OPEN**
**बुधवारी-घंटाघर रोड कोरबा (छ.ग.) +919907119500**

**सिद्धी विनायक हॉस्पिटल एण्ड पैरामेडिकल कॉलेज**
स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में अपना भविष्य संवारने के लिए सिद्धी विनायक पैरामेडिकल कॉलेज में हमसे जुड़े

**विशेषताएं**
- हड्डीयों एवं नसों संबंधित बिमारियों का उपचार एवं भर्ती की सुविधा
- हेल्थ इंश्योरेंस एवं सीएसईबी कर्मचारियों को कैशलेश उपचार की सुविधा
- घुटने व कुल्हे के जोड़ों का प्रत्यारोपण
- जटिल फ्रेक्चर एवं जोड़ों का ऑपरेशन
- गठिया वात् एवं जोड़ों के दर्द का उपचार
- टेढ़े-मेढ़े हड्डियों का उपचार
- जन्मजात हड्डियों की विकृति का उपचार
- 24 घंटे आपातकालीन सेवा एवं ICU की सुविधा उपलब्ध

**डॉ. शतदल नाथ**
निर्देशक - सिद्धि विनायक हॉस्पिटल
M.B.B.S., Dip (Ortho) DNB (Ortho)
MNAMS. Fellow in Rheumatology
Fellow in Trauma (Ganga Hospital, Coimbatore)

प्रवेश प्रारंभ
डीएमएलटी - 2 वर्षीय कोर्स
(मेडिकल प्रयोगशाला तकनीशियन में डिप्लोमा)
ओटी तकनीशियन - 1 वर्षीय कोर्स
(ऑपरेशन थिएटर तकनीशियन)
एक्सरे टेक्निशियन - 2 वर्षीय कोर्स
(एमपी पैरामेडिकल काउंसिल द्वारा मान्यता प्राप्त कोर्सेस)

संबद्धता एमपीएमएसयू यूनिवर्सिटी मध्यप्रदेश जबलपुर
सभी कोर्सेस छत्तीसगढ़ पैरामेडिकल काउंसिल में रजिस्ट्रेशन हेतु मान्य
12वीं बायोलॉजी (रेगुलर/ओपन) एवं बीएससी की छात्रा
केवल महिला अभ्यर्थी

प्लाट नं. 52, ब्लू बर्ड स्कूल के पीछे निहारिका रोड, कोसाबाड़ी कोरबा
**077592 22211, 07759355093,9993000683.8770020185**
drsnath2001@yahoo.co.in, siddhivinayakhospitalkorba.com

**In Heart of KORBA CITY**
*Make Your Summer Weddings Comfortable With Fully Ac Banquet (15,000 Sq Ft) of Jashn Resort*

0 Special Packages For Marriages
0 Biggest Banquet In Region for All Your Special Occasions
0 A Hotel With 54 Fully AC Lavish Rooms
0 Swimming Pool For Fun & Pool Parties
0 200 Personal Car Parking Space For Your Comfort




हरिभूमि बिलासपुर संस्करण के 25 वें वर्षगांठ पर हार्दिक शुभकामना हरिभूमि

Shehnai The Banquet 15,000 Sq Ft Full AC | 54 Lavish Fully AC Rooms | 200 Personal Car Parking Space | Swiming Pool

For Booking Now Contact us -
Jashn Resort, Ratakhar Bypass Road, Korba, Chhattisgarh
+917580978888 | +91 99778 08888

**Shivaay Hospital**
Healing Beyond Medicine
**सही इलाज, नई ज़िंदगी**
अब आपके शहर कोरबा में सभी आधुनिक चिकित्सा सुविधा के साथ
CSEB TIE-UP AVAILABLE
कैशलेस सुविधा उपलब्ध

**हमारी अत्याधुनिक सुविधाएँ**
2D ECHO हृदय की सटीक जाँच | NCV TEST नसों की जाँच | CT SCAN & USG सोनोग्राफी | पैथोलॉजी लैब सटीक और भरोसेमंद रिपोर्ट | मोड्यूलर ऑपरेशन थिएटर सुरक्षित एवं सफल सर्जरी
डायलिसिस सुविधा उपलब्ध | फोटोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध | TMT मशीन | CPAP मशीन | उच्च स्तरीय NICU,PICU सुविधा

**न्यूरो एवं स्पाइन सर्जन**
- मस्तिष्क व स्पाइन सर्जरी
- सिर की चोट, लकवा, मिर्गी, साइटिका व नसों का इलाज।

डॉ. दिविक एच. मित्तल
MBBS, MS, M.Ch Neurosurgery

**नवजात एवं बाल रोग विशेषज्ञ**
- बच्चों मे गंभीर संक्रमण व निमोनिया का इलाज
- दुर्घटना व सर्प-दंश का इलाज।
- नवजात शिशु एवं बच्चो का टीकाकरण।

डॉ. नागेन्द्र बागरी
MBBS, DCH, DNB Pediatrics & Neonatology

**फिजिशियन एवं डायबेटोलॉजिस्ट**
- डायबिटीज (शुगर) का संपूर्ण नियंत्रण एवं प्रबंधन
- BP, थायरॉइड व सामान्य रोग
- ब्लड प्रेशर, थायरॉइड एवं सामान्य रोगों का उपचार
- नियमित हेल्थ चेकअप एवं लाइफस्टाइल काउंसलिंग

डॉ. एन. अविनाश
M.B.B.S., D.N.B. (General Medicine)

**हड्डी रोग विशेषज्ञ**
- जोड़ प्रत्यारोपण: घुटना, कूल्हा, कंधा
- फ्रेक्चर व जटिल चोटों का इलाज
- आर्थ्रोस्कोपी (दूरबीन) द्वारा जोड़ों का इलाज

डॉ. संतोष राठोड
MBBS, MS Consultant orthopaedic & Arthroscopic surgeon

**स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ**
- गर्भावस्था की संपूर्ण देखभाल
- नॉर्मल एवं सिजेरियन डिलीवरी
- हाई-रिस्क प्रेग्नेंसी मैनेजमेंट
- परिवार नियोजन एवं गर्भनिरोधक परामर्श
- PCOS, फाइब्रॉइड, ओवरी सिस्ट इलाज
- मासिक धर्म संबंधी समस्याओं का उपचार

डॉ. पूर्णिमा सुरभि
MBBS, MS Obstetrics & Gynaecology

**रेडियोलॉजिस्ट**
- शरीर के आंतरिक रोगों की सटीक जांच एवं निदान
- गर्भावस्था एवं महिला रोगों की सोनोग्राफी जांच
- पेट, लिवर, किडनी एवं मूत्र रोगों की रेडियोलॉजिकल जांच
- हृदय एवं रक्त प्रवाह संबंधी जांच (कलर डॉप्लर एवं 2D ECHO)

डॉ. मनोज कुमार
MBBS, MD RADIOLOGY

**पेट एवं लीवर रोग विशेषज्ञ**
- लिवर, पैंक्रियास व भोजन नली की सर्जरी
- पेट, छोटी-बड़ी आंत व कैंसर का इलाज
- हर्निया व पथरी का दूरबीन (लैप्रोस्कोपी) सर्जरी

डॉ. हिमांशु कोल्हे
MBBS, MS, DrNB
सर्जिकल गैस्ट्रोएंटेरोलॉजी & लिवर ट्रांसप्लांट सर्जन

**मूत्र रोग विशेषज्ञ**
- किडनी स्टोन (पथरी) का लेजर द्वारा इलाज
- प्रोस्टेट (BPH) एवं मूत्र रुकावट का आधुनिक उपचार
- किडनी, ब्लैडर एवं मूत्र नली की सर्जरी
- पेशाब में जलन, संक्रमण एवं लीकेज का इलाज

डॉ. शिल्पी अग्रवाल
MBBS, MS, FMAS, M.Ch Urology

**फिजियोथेरेपिस्ट**
- स्लिप डिस्क, साइटिका
- जोड़ो की दर्द, अकड़न
- लकवा, सर्जरी के बाद कमजोरी
- एडवांस फिजियो सेंटर

डॉ. अमन श्रीवास्तव
BPT, MPT Physiotherapy

**ओरल एवं मैक्सिलोफेशियल सर्जन**
डॉ. आस्था वैष्णव
BDS, MDS
Oral & Maxillofacial Surgery

सिर की चोट, लकवा,सायटिका
दूरबीन से किडनी स्टोन की सर्जरी
दूरबीन से हर्निया, पथरी व लिवर सर्जरी
फ्रेक्चर, जोड़, लिगामेंट सर्जरी
डिलीवरी, बच्चादानी का ऑपरेशन
गोल्डन आवर इमरजेंसी केयर

संपर्क करें 9458999333, 9458999444 | एम्बुलेंस के लिए संपर्क करें +91 9109190140 | नया बस स्टैंड ट्रांसपोर्ट नगर कोरबा (छ.ग)